

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

WWW.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 87 रविवार, 10 मई 2026 ज्येष्ठ कृष्णा अष्टमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### भारत ने अग्नि मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर।** भारत ने ओडिशा स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 8 मई 2026 को एमआईआरवी (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल) प्रणाली से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण विभिन्न पेलोड के साथ किया गया, जिन्हें हिंद महासागर क्षेत्र में फैले अलग-अलग रणनीतिक लक्ष्यों पर निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि, उन्नत अग्नि मिसाइल का परीक्षण पूरी तरह सफल रहा। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने कई पेलोड को अलग-अलग लक्ष्यों तक सटीकता के साथ पहुंचाया।

### अमेरिका के प्लेन के इंजन में लगी आग

**दिल्ली।** अमेरिका के डेनवर हवाई अड्डे और अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, डेनवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुक्रवार देर रात एक विमान ने रनवे पर एक व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद टेकऑफ रद्द कर दिया, जिसमें कम से कम एक यात्री घायल हो गया। डेनवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा कि "फ्रंटियर फ्लाइट 4345 ने रात लगभग 11:19 बजे टेकऑफ के दौरान एक पैदल यात्री को टक्कर मारने की सूचना दी।" एबीसी न्यूज ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से बताया कि टक्कर लगने वाला व्यक्ति "कम से कम आंशिक रूप से इंजन की चपेट में आ गया था। उनकी हालत के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी गई। हवाई अड्डे ने कहा कि "इंजन में थोड़ी देर के लिए आग लगी थी जिसे डेनवर अग्निशमन विभाग ने तुरंत बुझा दिया।

## चीन मामलों के विशेषज्ञ एनएस राजा सुब्रमणि भारत के नए सीडीएस नियुक्त

**दिल्ली।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) नियुक्त किया है। वह 30 मई को कार्यकाल पूरा कर रहे जनरल अनिल चौहान की जगह लेंगे। रक्षा मामलों, खासकर पाकिस्तान और चीन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है।

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि का जन्म एक सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय



रक्षा अकादमी (NDA) और भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) से प्रशिक्षण हासिल किया। 14 दिसंबर 1985 को उन्हें गढ़वाल राइफल्स की 8वीं बटालियन में कमीशन मिला।

करीब चार दशक के सैन्य करियर में उन्होंने देश के कई संवेदनशील इलाकों में अहम जिम्मेदारियां संभालीं। असम में ऑपरेशन राइनो के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया। जम्मू-कश्मीर में 168 इन्फैंट्री ब्रिगेड और मध्य सेक्टर में 17 माउंटेन डिवीजन की कमान भी संभाली। उन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना के प्रमुख स्ट्राइक कोर समेत दो कोर की कमान संभाली और चीन सीमा से जुड़े क्षेत्रों में भी काम किया।

## केरल में मुख्यमंत्री पद के लिए घमासान जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर मचे बवाल और प्रदर्शनों के बीच कांग्रेस की राज्य प्रभारी दीपा दासमुंशी ने सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हंगामा करना कांग्रेस की संस्कृति नहीं है। सभी कांग्रेस विधायकों ने एक प्रस्ताव पास कर मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार आलाकमान को सौंप दिया गया है।

केरल में नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कांग्रेस पार्टी के अंदर घमासान तेज हो गया है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपनी-अपनी पसंद के नेता को मुख्यमंत्री



बनाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य में इस सियासी हलचल के बीच कांग्रेस की राज्य प्रभारी दीपा दासमुंशी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि केरल का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान ही करेगा। यह मामला अब पूरी तरह से दिल्ली दरबार के हाथों में सौंप दिया गया है। दरअसल, केरल में मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए दावेदारी शुरू

- अब खरगे और राहुल गांधी करेंगे नए मुख्यमंत्री का फैसला

हो गई है। इसी को लेकर राज्य में कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन और हंगामे की खबरें भी आईं। कांग्रेस की केरल प्रभारी दीपा दासमुंशी ने इन घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों को लेकर हुए इस तरह के प्रदर्शन और अनुशासनहीनता कांग्रेस की संस्कृति का हिस्सा बिल्कुल नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि पार्टी के अंदर सभी मामलों को शांति से सुलझाने का एक तय तरीका होता है।

# ट्रंप ने रूस-यूक्रेन सीजफायर कराया! तीन दिन तक थमी रहेगी जंग

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर का दावा किया। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों ने तीन दिनों के पूर्ण संघर्षविराम (Ceasefire) की घोषणा की है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि 9, 10 और 11 मई को दोनों देशों के बीच सभी सैन्य गतिविधियां रुकी रहेंगी। इस समझौते की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी 2,000 युद्धबंदियों की रिहाई है, जिसमें दोनों देश एक-दूसरे के 1,000 कैदियों को वापस सौंपेंगे।

ट्रंप ने स्पष्ट किया कि 9 मई को रूस में मनाए जाने वाले 'विजय दिवस' का महत्व यूक्रेन के लिए भी उतना ही है, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी भी बड़ी भूमिका थी, और इसी साझा विरासत को शांति का आधार बनाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, यह समझौता उनके सीधे हस्तक्षेप और रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ व्यक्तिगत बातचीत के बाद संभव हो पाया है।

ट्रंप ने दोनों नेताओं की सहमति की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि यह अल्पकालिक सीजफायर इस विनाशकारी युद्ध के अंत की शुरुआत साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शांति वार्ता लगातार आगे बढ़ रही है और दुनिया इस समय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सबसे बड़े सैन्य संघर्ष को पूरी तरह समाप्त करने के बेहद करीब है। वैश्विक समुदाय अब इस तीन दिवसीय विराम को एक स्थाई शांति समझौते की पहली बड़ी उम्मीद के रूप में देख रहा है।

### जेलेंस्की ने की पुतिन की आलोचना

रूस में हर साल नौ मई को 'विजय दिवस' समारोह का आयोजन होता है। इस दौरान, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस की आलोचना करते हुए कहा कि क्रेमलिन को 'विजय दिवस' परेड आयोजित करने की जगह युद्ध का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में काम करना चाहिए। हालांकि, यूक्रेन ने तीन दिनों तक युद्ध नहीं करने की बात कही है।

## तमिलनाडु में सरकार बनाने का रास्ता साफ, विजय कल सुबह 10 बजे लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता शनिवार को खत्म हो गई। टीवीके प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने 120 विधायकों के समर्थन के साथ राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। कांग्रेस, लेफ्ट, वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके गठबंधन के पास 121 सीटें हो गई हैं। विजय कल चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

तमिलनाडु की राजनीति में पिछले कई दिनों से चल रही उथल-पुथल मची अब पूरी तरह से खत्म हो गई है। टीवीके के प्रमुख सी. जोसेफ विजय कल राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं। सबसे बड़ी पार्टी के नेता के रूप में विजय ने शनिवार को चेन्नई के लोक भवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने 234 सदस्यों वाली विधानसभा में 120 विधायकों के मजबूत समर्थन के साथ सरकार बनाने का अपना दावा आधिकारिक तौर पर पेश कर दिया।

इस घटनाक्रम के बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण की भव्य




### जादुई आंकड़ा जुटाने में लगे कई दिन

तमिलनाडु में अपनी सरकार बनाने और बहुमत का आंकड़ा साबित करने के लिए टीवीके प्रमुख विजय को काफी जद्दोजहद और कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। सरकार बनाने का यह जादुई आंकड़ा जुटाने के लिए पिछले महज चार दिनों के भीतर राज्यपाल के साथ उनकी यह लगातार चौथी अहम मुलाकात थी। जब तक सदन में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा पार नहीं हुआ था, तब तक राज्य में यह अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अंततः शनिवार, नौ मई 2026 को जब राजनीतिक दल वीसीके और आईयूएमएल ने टीवीके को अपना बिना शर्त और पूरा समर्थन दे दिया, तब जाकर विजय का रास्ता पूरी तरह से साफ हुआ। समर्थन पक्का होने के तुरंत बाद ही विजय बिना कोई देरी किए सीधा राज्यपाल के पास पहुंचे और 120 विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का अपना पुख्ता दावा पेश कर दिया।

तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह सुबह ठीक 10 बजे चेन्नई के मशहूर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस खास और ऐतिहासिक मौके पर केवल विजय ही अकेले शपथ नहीं लेंगे, बल्कि उनके साथ उनकी नई कैबिनेट के 9 अन्य विधायक भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण कर सकते हैं। शनिवार शाम को जब विजय सरकार बनाने का अंतिम दावा पेश करने के लिए राजभवन यानी लोक भवन पहुंचे, तो उनके साथ उनके इस नए गठबंधन के कई बड़े और प्रमुख नेता भी मौजूद थे। इस अहम मुलाकात के दौरान कांग्रेस पार्टी, वीसीके, सीपीआई (एम), सीपीआई और आईयूएमएल के वरिष्ठ नेताओं ने भी राज्यपाल के सामने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

## बीसलपुर में सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

### हादसे के बाद मौके पर मची चीख पुकार, तीसरा साथी गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत/बीसलपुर।** बीसलपुर क्षेत्र में शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला दुबे निवासी सुमित उर्फ आलोक (24) पुत्र सनोज कुमार, अपने दोस्तों आशीष पुत्र राजकुमार और सौरभ (20) पुत्र प्रमोद कुमार के साथ बाइक से बेनीपुर मार्ग स्थित मंदिर पर दर्शन करने जा रहे थे। शाम करीब 8:15 बजे उनकी बाइक जैसे



मृतक सौरभ।



मृतक सुमित।



घायल आशीष।

ही ग्राम भसूडा पुलिया चौराहे के पास पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सुमित उर्फ आलोक और सौरभ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आशीष को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## गौरव गोगोई ने ली असम चुनाव में कांग्रेस के हार की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** असम में कांग्रेस 126 में से सिर्फ 19 सीट ही जीत पाई है। लगातार तीसरा चुनाव है, जब कांग्रेस असम में इतना बुरा हारी है। इस हार की जिम्मेदारी गौरव गोगोई ने ली है। असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने शनिवाह को गुवाहाटी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हार की समीक्षा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है और चुनावी हार की पूरी जिम्मेदारी उनकी है।

गौरव गोगोई ने कहा, 'हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजे बेहद निराशाजनक हैं। मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं इस नतीजे की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मैंने पार्टी हाईकमान को आगे की राह के बारे में भी अपनी बात बता दी है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस असम में संगठनात्मक ढांचे में बदलाव और भविष्य की रणनीति के बारे में सोच-समझकर फैसले लेगी। उन्होंने कहा, 'अब हम आगे की कार्रवाई के बारे में सोच-समझकर फैसला लेंगे, जिसमें संगठनात्मक ढांचे में बदलाव और अगले कदमों की रूपरेखा तैयार करना शामिल है। साथ ही, हमने एक आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम पूर्व विधायकों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और नए विधायकों से बातचीत कर रहे हैं, ताकि उनकी राय जान सकें, जमीनी हकीकत को समझ सकें और यह तय कर सकें कि आगे क्या करने की जरूरत है।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में शुभेंदु अधिकारी ने ली पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**कोलकाता।** शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कई नेताओं की मौजूदगी में बांग्ला भाषा में शपथ ली। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निशिथ प्रमाणिक ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

इससे पहले सुबह शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट किया, "पश्चिम बंगाल के लिए यह सचमुच एक ऐतिहासिक सुबह है। 'सिटी ऑफ़ जॉय' में दूरदर्शी नेता माननीय



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्वागत करना गर्व और हर्ष का क्षण है। आज, आज़ादी के बाद पश्चिम बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनते हुए, हम अपने संस्थापक पुरखों के सपनों को साकार होते देख रहे हैं।"उन्होंने आगे लिखा, "स्वागत है, प्रधानमंत्री जी।"

शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता अमित शाह की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में शुभेंदु अधिकारी को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद शुक्रवार शाम उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## देशभर में लागू हुए चारों नए लेबर कोड्स

**नई दिल्ली।** भारत में लेबर कोड्स से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव हो गया है. सरकार ने चारों नए कानून पूरे देश में लागू कर दिए हैं। इसके लिए सरकार ने गजट में ऑफिशियल ऐलान कर दिया है। अब जो पहले 29 अलग-अलग श्रम कानून थे, वो अब पूरी तरह से खत्म हो गए हैं और उनकी जगह नए, आसान नियम आ गए हैं. इन कानून को इसलिए लाया गया है कि मजदूरों और कंपनियों, दोनों को नियम समझने और मानने में कोई परेशानी ना हो।

5 साल बाद अब ये नए कानून पूरी तरह लागू हो गए हैं. शुरुआत 21 नवंबर 2025 को हुई थी, लेकिन नियम ना होने की वजह से ये सही से लागू नहीं हो पाए थे। अब सरकार ने सारे नियम बना दिए हैं। इसलिए वेतन, नौकरी, सामाजिक सुरक्षा और काम की सुरक्षा से जुड़े सभी कानून अब पूरे देश में एक साथ लागू हो गए हैं। अब मजदूरों और कंपनियों के लिए नियम बिलकुल साफ हैं और हर जगह एक जैसे हैं। ये नए लेबर कोड इसलिए जरूरी थे क्योंकि पहले देश में 29 अलग श्रम कानून थे, जो बहुत कठिन थे। कंपनियों को इन नियमों को समझने और मानने में दिक्कत होती थी। नए कानूनों से अब नियम आसान और साफ हो गए हैं।

इससे कारोबार करना आसान होगा, निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और जब निवेश बढ़ेगा तो नई कंपनियां खुलेंगी. इसका सीधा फायदा ये होगा कि लोगों के लिए रोजगार के नए मौके भी बनेंगे।

आरोप | ट्रंप बोले- 'युद्धविराम अब भी बरकरार'

## ईरान ने अमेरिका पर लगाया लापरवाह सैन्य दुस्साहस का आरोप

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि जब कभी राजनयिक समाधान का विकल्प मौजूद होता है तो वह लापरवाह सैन्य अभियान का मार्ग चुनता है। यह जानकारी बीबीसी ने शनिवार को दी। अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे। उनका बयान दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले शुरू करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद और अमेरिका द्वारा और अधिक ईरानी जहाजों पर गोलीबारी करने के बाद आया है। झड़पों के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम बरकरार है।

इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इज़रायल के साथ शुरू हुए



ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा ईरान से अमेरिकी प्रस्तावों पर जवाब देने की उम्मीद है। इटली की यात्रा के दौरान रुबियो ने कहा, "मुझे उम्मीद है कि यह एक गंभीर प्रस्ताव है और मैं वास्तव में यही चाहता हूं।"

ईरान, अमेरिका और इज़रायल के हमलों के प्रतिशोध में होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए है और खाड़ी में अमेरिकी सहयोगियों पर हमले कर रहा है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी महत्वपूर्ण जलमार्ग से होता है जिसके अवरुद्ध होने से कीमतों में भारी उछाल आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, ट्रम्प ने फरवरी से इस क्षेत्र में फंसे लगभग 2,000 जहाजों को मुक्त कराने में मदद करने के लिए एक अमेरिकी सैन्य अभियान शुरू किया और फिर उसे रोक दिया। अमेरिका, ईरान पर अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी भी बनाए हुए है और इस कदम से तेहरान नाराज है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक ईरानी बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो ईरानी ध्वज वाले खाली तेल टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया जो चल रही अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहे थे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने नियमों का पालन न करने वाले जहाजों के चिमनियों पर सटीक गोलाबारी करके उन्हें ईरान में प्रवेश करने से रोक दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे कर्नाटक और तेलंगाना का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 मई को कर्नाटक और तेलंगाना के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैं 10 मई को कर्नाटक और तेलंगाना में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लूंगा।

उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे मैं 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना की 45वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होऊंगा। समाज सेवा के हमारे आदर्शों के अनुरूप वे विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। फिर हैदराबाद में लगभग 9500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया जाएगा या उनकी आधारशिला रखी जाएगी। इन कार्यों में सड़क, लॉजिस्टिक्स, कपड़ा, रेलवे, ऊर्जा और अन्य क्षेत्र शामिल



हैं। इसके बाद मैं 'सिंधु अस्पताल' को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्यक्रम में शामिल होऊंगा।

उन्होंने कहा कि शाम को, मैं शहर में भाजपा की एक रैली को संबोधित करूंगा। पहले बीआरएस के कुशासन और अब कांग्रेस के कुशासन से तंग आकर, तेलंगाना अब भाजपा की ओर देख रहा है। हमारा बढ़ता जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि हमारी पार्टी ही तेलंगाना की पहली पसंद है।

### एक नजर

#### बाइक सवार बैलगाड़ी से टकराया, अधेड़ की मौत

**बदायूं।** बैलगाड़ी और बाइक की टक्कर में बैलगाड़ी सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शव को जिला मुख्यालय भेज कर जांच शुरू की है। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव सूरजपुर भूड़ निवासी देव पाल( 47 )पुत्र झंडू सिंह सुबह के समय बालू लेकर बैलगाडी से घर आ रहे थे कि इस्लामनगर थाना क्षेत्र गांव ओईया के भट्ठा के पास तेज रफ्तार बाइक सवार बैलगाड़ी से टकरा गया। हादसे में बैलगाडी सवार देवपाल सड़क पर जा गिरे जिसमें उनको सिर में गंभीर चोट आई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पहुंचे परिजनों ने घायल को रुदायन सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जिला अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहरा मच गया पुलिस ने सबका पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौप है परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा विधायक का भतीजा कॉलेज हॉस्टल से लापता

## सेटेलाइट चौराहे के पास मिला अंकित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भाजपा विधायक डॉ. डीसी वर्मा के भतीजे अंकित वर्मा के लापता होने के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। कई घंटे तक मोबाइल बंद रहने और कोई सुराग न मिलने से परिवार में मचा हड़कंप आखिरकार तब थमा, जब अंकित बरेली के सेटेलाइट चौराहे के पास मिल गया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उससे बातचीत शुरू की। वहीं पुलिस भी अब उससे पूछताछ कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में वह हॉस्टल से निकला और अचानक लापता क्यों हो गया।


अंकित वर्मा। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत के अमखिरिया बीसलपुर निवासी अंकित वर्मा राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा से एम फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। परिवार के मुताबिक वह बुधवार शाम करीब सात बजे मंदिर जाने की बात कहकर हॉस्टल से निकला था, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। देर रात तक संपर्क न होने पर परिवार घबरा गया और भोजीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

भाजपा विधायक के भतीजे के अचानक गायब होने की खबर फैलते ही राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी हलचल बढ़ गई थी। परिवार लगातार उसकी तलाश में जुटा रहा। पुलिस ने कॉलेज परिसर, आसपास के इलाके और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी थी।

#### सेटेलाइट चौराहे के पास मिला अंकित

गुरुवार को अंकित के सेटेलाइट चौराहे के पास होने की सूचना मिली। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि अंकित सुरक्षित है और फिलहाल परिवार उससे बातचीत कर रहा है। पुलिस अधिकारी भी उससे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि वह अचानक हॉस्टल छोड़कर क्यों चला गया और इस दौरान कहां-कहां रहा।

#### पुलिस हर एंगल से कर रही जांच

पुलिस अब पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से जांच रही है। अंकित के मोबाइल की लोकेशन, कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। शुरुआती तौर पर मामला पारिवारिक तनाव, मानसिक दबाव या किसी अन्य निजी कारण से जुड़ा माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। अंकित के सकुशल मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है। कई घंटे तक चिंता और बेचैनी के बीच गुजरे इस घटनाक्रम ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की असली वजह साफ हो सकेगी।

# उत्तराखंड बॉर्डर पर हाई अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

#### डीएम पहुंचे बहेड़ी चेकपोस्ट, कड़ी निगरानी के आदेश, मेगा फूड पार्क का किया निरीक्षण

**बरेली।** उत्तराखंड बॉर्डर से सटे बहेड़ी इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खुद अंतर्राज्यीय पुलिस चेकपोस्ट बहेड़ी पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान चेकपोस्ट की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

वहीं, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और वाहनों की सघन चेकिंग के आदेश भी जारी किए गए।उत्तराखंड सीमा पर स्थित पुलिस चेकपोस्ट के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि वहां तैनात कर्मियों के बैठने और बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। इस पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि चेकपोस्ट का निर्माण व्यवस्थित तरीके से कराया जाए, जिसमें पुलिसकर्मियों के बैठने की सुविधा, शौचालय और जरूरी संसाधन उपलब्ध हों। इसके लिए धनराशि उपलब्ध कराने की बात भी उन्होंने कही।

निरीक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बॉर्डर क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी निगरानी रखी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित जांच हो तथा कानून व्यवस्था को किसी भी हाल में कमजोर न पड़ने दिया जाए। डीएम ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करें। बॉर्डर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील बहेड़ी स्थित निर्माणाधीन मेगा फूड पार्क का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि प्रोजेक्ट की कुछ जमीन उत्तराखंड के किसानों से जुड़ी हुई है। इस पर डीएम ने यूपीसीडा और संयुक्त मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को उधमसिंह नगर प्रशासन से समन्वय कर जल्द समाधान निकालने के निर्देश दिए।मेगा फूड पार्क को किच्छा नदी की बाढ़ से खतरा होने की आशंका पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाई। कार्यदायी संस्था ने बताया कि पहले अस्थायी बैरियर बनाए गए थे। इस पर डीएम ने बरसात से पहले स्थायी तटबंध निर्माण कराने के सख्त निर्देश दिए ताकि भविष्य में किसी तरह का नुकसान न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि मेगा फूड पार्क में डेयरी क्राफ्ट की फैक्ट्री लगभग संचालन की स्थिति में पहुंच चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैक्ट्री का उद्घाटन जल्द कराया जाए ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी बहेड़ी इशिता किशोर, तहसीलदार बहेड़ी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बरेली में बिक रहा फॉर्च्यून का नकली तेल, सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फॉर्च्यून ब्रांड की हूबहू नकल कर बाजार में तेल बेचने के आरोप में नरियावल स्थित एक गोदाम पर शुक्रवार रात प्रशासन, पुलिस और फूड सेफ्टी विभाग की संयुक्त टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 2052 लीटर संदिग्ध खाद्य तेल बरामद कर सीज कर दिया।मौके से फॉर्च्यून ब्रांड से मिलते-जुलते पैकिंग वाले 171 टिन बरामद हुए, जिन पर अलग-अलग नामों से मार्का लगाकर सप्लाई की जा रही थी। दूर से देखने पर फॉर्च्यून जैसा तेल दिख रहा था।अडानी समूह की लीगल सेल ने शिकायत दी थी। नरियावल क्षेत्र में फॉर्च्यून ब्रांड से मिलती जुलती पैकिंग में रिफाइंड तेल तैयार कर बाजार में उतारा जा रहा है। शिकायत में कहा गया कि पैकिंग और डिजाइन इतने मिलते-जुलते हैं कि आम ग्राहक आसानी से भ्रमित हो सकता है। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, पुलिस टीम और फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने बालाजी ट्रेडर्स नाम की फर्म के गोदाम में छापा मारा तो अंदर का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। छापेमारी के दौरान 12-12 लीटर वाले 171 टिन बरामद हुए। जांच में सामने आया कि फर्म फॉर्च्यून जैसी पैकिंग तैयार कर राजहंस, फंक्शन और फार्मूला नाम से तेल की पैकेजिंग कर रही थी। इसके अलावा सुगंध समेत अन्य नामों के पैकेट भी गोदाम में मिले।मौके पर दो टैंकर भी खड़े मिले, जिनकी जांच की गई। टीम ने गोदाम में रखे तेल के सैंपल लिए और पूरी खेप को सीज कर दिया।


मौके पर जानकारी करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

#### रात 11 बजे हुई सैंपलिंग, फैक्ट्री मालिक नहीं पहुंचा

फूड सेफ्टी विभाग ने फैक्ट्री स्वामी को मौके पर बुलाने के लिए कई बार फोन किया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। बाद में रात करीब 11 बजे उसके प्रतिनिधि की मौजूदगी में तेल की सैंपलिंग की गई। जांच के दौरान 2052 लीटर aखाद्य तेल के अलावा 780 लीटर नेपाली तेल भी बरामद हुआ। दोनों के सैंपल लेकर उन्हें भी सीज कर दिया गया है।अधिकारियों के मुताबिक अब लैब रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा कि तेल नकली है या गुणवत्ता मानकों के विपरीत तैयार किया गया है। यदि जांच में मिलावटी या फर्जी ब्रांडिंग की पुष्टि होती है तो संबंधित फर्म के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत कई धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया कि अडानी समूह के प्रतिनिधियों की शिकायत पर जांच की गई है।

# महाराणा प्रताप के जयघोष से गूंजा शहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकाली।जिसमें लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा पर लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। महाराणा प्रताप के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे मोहल्ला नेकपुर से शुरू हुई शोभायात्रा डीएम चौराहा, संतोष सिंह तिराहा, भामाशाह चौक, रोडवेज और परशुराम चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल और मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की गई। यात्रा में महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर महाराणा प्रताप युवा क्षत्रिय समाज समिति के प्रबंधक मनोज चंदेल, क्षत्रिय विकास समिति अध्यक्ष सुरेश सिंह, क्षत्रिय युवा संघ अध्यक्ष रंजीत सिंह, करणी सेना पदाधिकारी, सदर विधायक महेश गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

#### ध्रुव देव गुप्ता को मिला भामाशाह रत्न 2026 सम्मान

**बदायूं।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर क्षत्रिय महासभा ने युवा मंच संगठन व श्रीभगवा सेना संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता को भामाशाह रत्न 2026 सम्मान से सम्मानित किया। अस्वस्थता के कारण ध्रुव देव गुप्ता समारोह में शामिल नहीं हो सके। जिसके बाद उनकी माता आशा गुप्ता और पिता वरिष्ठ अधिवक्ता यूके वैश्य ने सम्मान ग्रहण किया। उन्हें पगड़ी, तलवार, प्रतीक चिन्ह और फूलमाला भेंट की गई। ध्रुव देव गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान उनके माता-पिता के संस्कारों का परिणाम है।उन्होंने इस सम्मान को अपने माता-पिता को समर्पित किया। इस दौरान हरिप्रताप सिंह राठौड़, सुशील कुमार सिंह, अजय दिवाकर, रमन पटेल समेत कई लोग मौजूद रहे।

#### वजीरगंज में निकली शोभायात्रा

**वजीरगंज।** महाराणा प्रताप जयंती पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें लोगों ने भाग लिया। लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू हुई यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में झांकियां और बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप सच्चे राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने कभी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुड्डू देवी, अजयपाल सिंह, विट्टन, श्यामपाल सिंह, कैलाश गौर, रिद्धि प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बरेली में पकड़ा अवैध ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में बिजली चोरी और लाइन लॉस से जूझ रहे बिजली विभाग ने शुक्रवार तड़के बड़ा एक्शन लेते हुए हाई लाइन लॉस और हॉटस्पॉट इलाकों में वृहद मॉर्निंग रेड और कांबिंग अभियान चलाया। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। कहीं मीटर बायपास मिले तो कहीं सीधे पोल से केबल डालकर ई-रिक्शे चार्ज होते पकड़े गए। विभाग ने मौके पर ही केबल काटकर उतार ली और कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करा दिए।मुख्य अभियंता वितरण बरेली क्षेत्र-प्रथम के निर्देश पर विद्युत वितरण मंडल और नगरीय वितरण मंडल की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 984 बिजली कनेक्शन चेक किए गए। जांच में 106 मामलों में धारा 138-बी और 46 मामलों में धारा 135 के तहत बिजली चोरी पकड़ी गई। कुल 152 उपभोक्ताओं के खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों पर भी सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान 293 बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इसके साथ ही 43 उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया गया और करीब 9.79 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई।नगरीय वितरण मंडल की टीम ने गुप्त सूचना पर प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुरखा वानखाना राजा चौक इलाके में ताबड़तोड़ छापा मारा। यहां दो अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर चलते मिले। जांच में सामने आया कि एक परिसर में 21 ई-रिक्शे और दूसरे परिसर में 17 ई-रिक्शे सीधे बिजली पोल से केबल डालकर चार्ज किए जा रहे थे।

#### मीटर बायपास कर हो रही थी चोरी

इसी क्षेत्र में चार घरेलू बिजली कनेक्शनों पर मीटर बायपास कर चोरी करते हुए भी लोग पकड़े गए। विभाग ने तत्काल केबल काटकर बिजली सप्लाई बंद कर दी और मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी।बिजली अधिकारियों के मुताबिक इस इलाके में लंबे समय से ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई थी। अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग और बिजली चोरी की वजह से लाइन पर अनावश्यक भार बढ़ रहा था, जिससे नियमित उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति देना मुश्किल हो रहा था। विभाग का दावा है कि इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार आएगा।

# बरेली पहुंचे परिवहन आयुक्त, 31 तक पूरा होगा सारथी हॉल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** परिवहन विभाग की कार्यशैली को तेज और सख्त बनाने के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने बरेली में ताबड़तोड़ निरीक्षण और समीक्षा बैठक की। परसाखेड़ा में बन रहे सारथी हॉल और कार्यालय भवन का जायजा लेने पहुंचे आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य किसी भी हालत में 31 मई 2026 तक पूरा होना चाहिए। निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता से समझौता न करने की चेतावनी भी दी गई। परिवहन आयुक्त ने सबसे पहले परसाखेड़ा स्थित निर्माणाधीन सारथी हॉल और कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रबंधक ने बताया कि करीब 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस पर आयुक्त ने शेष काम तय समय सीमा के भीतर खत्म करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।


निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

इसके बाद परिवहन आयुक्त ने बिथरी चैनपुर स्थित फीनिक्स ऑटोमोबाइल्स टेस्टिंग बरेली प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया।संचालित व्यवस्थाओं और वाहन परीक्षण प्रणाली की समीक्षा की गई। अधिकारियों को व्यवस्था और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अफसरों की क्लास, लक्ष्य पूरा करने का दबाव बरेली परिक्षेत्र के सभी सम्भागीय परिवहन अधिकारी और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की गई। प्रशमन शुल्क लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल माह में राजस्व प्राप्ति के मामले में बरेली परिक्षेत्र ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों की पीठ थपथपाई और आने वाले महीनों में भी इसी प्रदर्शन को बनाए रखने के निर्देश दिए।बैठक में सबसे ज्यादा जोर मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई पर रहा। परिवहन आयुक्त ने कहा कि तेज आवाज और स्टंटबाजी करने वाले वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए। जरूरत पड़ने पर ऐसे वाहनों की आरसी तक निलंबित की जाए।सड़क दुर्घटनाओं में जिम्मेदार पाए जाने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित और निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।बैठक में उप परिवहन आयुक्त कमल प्रसाद गुप्ता, सम्भागीय परिवहन अधिकारी पंकज सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा, एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती समेत बरेली और मुरादाबाद संभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# 265 करोड़ की पेयजल योजना में 51.14 करोड़ की किश्त जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बरेली शहर के कई क्षेत्रों में शुद्ध घर-घर पहुंचने की व्यवस्था की तैयारी हो गई है। केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत स्वीकृत 265 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना को अब गति मिल गई है। शासन ने परियोजना के लिए जल निगम को 51.14 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। परियोजना का कार्य अहमदाबाद की एक निजी कंपनी द्वारा कराया जाएगा। योजना पूरी होने के बाद शहर में शुद्ध पेयजल की पहुंच वर्तमान 51.15 प्रतिशत से बढ़कर करीब 92 प्रतिशत आबादी तक पहुंच जाएगी। इससे उन वार्डों के लोगों को सबसे अधिक राहत मिलेगी, जो वर्षों से जल संकट और दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार ने बताया कि परियोजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने, ओवरहेड टैंक निर्माण, पंपिंग स्टेशन विकसित करने और जलापूर्ति नेटवर्क को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। कई पुराने और जर्जर पाइपलाइन नेटवर्क को भी बदला जाएगा, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और घरों तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। शासन स्तर से धनराशि जारी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

शहर के कई इलाकों में हर साल गर्मी के मौसम में पेयजल संकट गहरा जाता है। जलापूर्ति बाधित होने पर लोगों को निजी और नगर निगम के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। कई मोहल्लों में कम दबाव से पानी पहुंचने और दूषित जलापूर्ति की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। खासकर ऊंचाई वाले और पुराने पाइपलाइन नेटवर्क वाले क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर बनी रहती है। ऐसे में अमृत 2.0 योजना के तहत शुरू हो रही नई पेयजल परियोजना से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जल निगम ने पूरे शहर को चार मुख्य जोनों- सेंट्रल सिटी, नॉर्थ डेवलपमेंट, सुभाष नगर और ट्रांस रेलवे जोन में विभाजित किया गया है। इस चरण में कुल 19 नए नलकूप लगाए जाएंगे और पानी के भंडारण के लिए 19 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा । साथ ही, शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 302.38 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे घरों तक निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 की अनुमानित 11.44 लाख की आबादी को मानक के अनुसार 135 एलपीसीडी (लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन) की दर से जल उपलब्ध कराना है । योजना के तहत कुल 76,465 नए हाउस कनेक्शन दिए जाने का प्रस्ताव है।

#### 19 ओवरहेडटैंक और 37 बोरिंग ट्यूबवेल बनेंगे

जल निगम इस योजना के तहत 19 ओवरहेटैंक और 37 बोरिंग ट्यूबवेल बनवाएगा। टैंक 1300, 2550, 2200, 2600, 2500, 2300, 2400, 1800, 1550, 2400, 1300, 1800, 1600, 2350, 2000, 700, 600, 500 और 1300 किलोलीटर क्षमता के होंगे। रोजाना प्रति व्यक्ति के हिसाब से 135 लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। बरेली के 93 हजार घरों को इन ओवरहेड टैंकों से जोड़ा जाएगा। वहीं, गंदा पानी आने की शिकायतें रोकने के लिए पुरानी लाइनों को पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

#### शहर के इन वार्डों को मिलेगा फायदा

अमृत 2 .0 कार्यक्रम के तहत नगरीय क्षेत्र में गृह संयोजन के माध्यम से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाना है। इसमें शहर के वार्ड-38, 31,07, 26, 70, 14, 71, 62, 33, 28, 34, 55, 47, 45, 59, 36, 80, 53, 20, 64, 15, 72, 52, 02, 60, 06, 11, 01, 41, 74, 76, 58 व 24 नंबर वार्ड शामिल हैं।

अमृत 2 .0 योजना से शहर की पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी। परियोजना पूरी होने पर अधिकतर आबादी को शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।
-डा . उमेश गौतम, मेयर

# बहेड़ी राइस मिल एसोसिएशन ने गौशालाओं के लिए बढ़ाया सहयोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** बरेली जिला खाद्य विपणन अधिकारी के आह्वान पर राइस मिल एसोसिएशन बहेड़ी ने कान्हा गौशालाओं में भूसे की व्यवस्था कराने के लिए सहयोग अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में संगठन की ओर से 10 ट्राली भूसा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

शनिवार को नई मकरू स्थित गौशाला में संगठन द्वारा दो ट्राली भूसा दान किया गया। दान किए गए भूसे की मात्रा करीब 25 कुंतल बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये है। गौशाला प्रबंधन ने संगठन के इस सहयोग की सराहना करते हुए आभार जताया।संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि बेसहारा गोवंशों के लिए चारे की व्यवस्था को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। रविवार को भी राइस मिल एसोसिएशन की ओर से भूसा दान किया जाएगा।इस दौरान संगठन के अध्यक्ष नईम अहमद, अलीम पप्पू, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद नदीम पारोही, मोहम्मद जावेद तथा मिलन राइस मिल समेत संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


गौशाला में भूसे के साथ खड़े पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली मैकेनिक की हुई मौत

## मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल



युवक की मौत के बाद रोते परिजन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** बिलासपुर मार्ग पर शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय बिजली मैकेनिक विजय गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर काफी लोग एकत्रित रहे थे।

नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी विजय गंगवार उर्फ भूरा पुत्र धर्मवीर गंगवार पेशे से बिजली मैकेनिक थे। इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बिजली फिटिंग का काम करता था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे विजय गंगवार अपनी बाइक से ससुराल से मिलकवापस लौट रहा था। मिलक बिलासपुर मार्ग पर ग्राम गंगापुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शिनाख्त के बाद पुलिस ने विजय के परिजनों को सूचित किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### चार भाइयों में सबसे छोटा था मृतक



मृतक के परिजनों का कहना है कि विजय गंगवार उर्फ भूरा अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे ।उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पीछे पत्नी, चार साल का बेटा और डेढ़ साल की मासूम बेटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है ।जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है ।ताकि वाहन चालक को पकड़ा जा सके।

## फर्जी हॉस्पिटलों पर कार्यवाही करें स्वास्थ्य विभाग : शंखधार

मिलक। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि तहसील क्षेत्र मिलक में कई फर्जी हॉस्पिटल, लैब, बिना डिग्री धारक डॉक्टर बनकर और कई ऐसे मेडिकल संचालक हैं जो कि स्वयं को डॉक्टर बताकर आम जनता के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं आए दिन हॉस्पिटलों में हादसे होते हुए देखे जाते रहे हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तात्कालिक कार्यवाही तो अवश्य ही की जाती है ।कुछ समय के बाद पुन: वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ठीक इसी प्रकार से कुछ अवैध रूप से लैब भी संचालित की जा रही हैं जहां पर रिपोर्ट तैयार करने योग्य डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं सिर्फ़ और सिर्फ़ डिग्री धारक डॉक्टर के नाम का उपयोग किया जा रहा है। कुछ मेडिकल संचालक ऐसे हैं जो कि आम जनता के सामने स्वयं डॉक्टर बनकर दवाईयां दे रहे हैं। जिस कारण आम जनता के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ होना प्रतीत होता है। स्वास्थ्य विभाग रामपुर से आग्रह है कि वह तहसील क्षेत्र मिलक में एक सघन अभियान चलाकर उनके खिलाफ़ कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिससे कि भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# दवा दिलाने आई किशोरी लापता, अपहरण का आरोप

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण और धमकी देने का मामला दर्ज किया दर्ज, जांच



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में दवा दिलाने आई किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण और धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंगरा निवासी नूरजहां अपनी नाबालिग बेटी को दवा दिलाने के लिए मिलक आई थीं। तीन बत्ती चौराहे पर किशोरी को पानी पीने के लिए उतारकर मां दवा लेने चली गईं।जब मां वापस लौटीं तो बेटी वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं चला तो मां ने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया।आरोप है कि फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम शादाब हसन बताया और कहा कि मेरा भाई तुम्हारी लड़की को ले आया है। अब हम वापस नहीं करेंगे। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। मां ने बताया कि वह गरीब महिला हैं और बेटी के साथ कोई दुर्घटना होने का डर है। उन्होंने पुलिस से रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर उप निरीक्षक कुलदीप पुनिया को जांच सौंपी है पुलिस किशोरी की तलाश के साथ ही आरोपी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

## एक नजर

### पूर्व सांसद से मिलेंगे राष्ट्रीय सचिव

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर दो दिन से रामपुर में हैं। 10 मई को शहर के जेल रोड स्थित आजम खां के घर पहुंचकर पूर्व सांसद डॉ .तजीन फात्मा से मुलाकात करेंगे। जिलाध्यक्ष अजय सागर ने बताया क सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर जो रामपुर आए हुए है वह सिक्ख समाज की यात्रा चला रहे हैं। 10 मई को आजम खां के घर पर पूर्व सांसद से मुलाकात कर सकते हैं।

### 50 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रामपुर।** स्वार, थाना खजुरिया पुलिस ने अलग-अलग 50 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें आशा पत्नी शेर सिंह निवासी मौहल्ला खास स्वार को ग्राम जालफ नंगला से आगे बंदे के पास बनी कोठरी के पास से 2 प्लास्टिक जरीकैन में 20- 20 लीटर के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा खजुरिया पुलिस ने रिंकू ग्राम मंसूरपुर थाना खजुरिया को ग्राम अहरो शीशगढ रोड से ग्राम मंसूरपुर को जाने वाला कच्चा रास्ते से 1 प्लास्टिक जरीकैन में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय भेज दिया है।

### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते शनिवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारें में बताया।

### दिव्यांगों ने लाइब्रेरी के गेट पर किया प्रदर्शन

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने किला परिसर में रजा लाइब्रेरी के गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन बोर्ड अध्यक्ष, महामहिम राज्यपाल को भेजा गया है। जिसमें लाइब्रेरी में कहना है कि रज़ा लाइब्रेरी में दिव्यांग मोहम्मद आजम खां उर्फ आज़म मुश्ताक की पारिवारिक पेंशन 15 साल से स्वीकृति के लिए पेडिंग पड़ी हुई है, उसे स्वीकृत करके उसका तुरन्त भुगतान किया जाये। पांच आरक्षण के आधार पर रजा लाइब्रेरी में दिव्यागों को संविदा- निविदा कर्मी के रूप में भर्ती किया जाए। गत दिनों लाइब्रेरी में बिना किसी लोकल समाचार पत्र में भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित कराएं।

# फेसबुक लाइव में धमकी और अभद्रता का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक क्षेत्र निवासी आदेश कुमार शंखधार ने बजरंग दल के कथित नेता सूरज पटेल के खिलाफ थाना मिलक में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कि सूरज पटेल ने कई बार फेसबुक लाइव और वीडियो प्रसारण के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। निराधार आरोप लगाए तथा जान से मारने की धमकियां दीं। आदेश शंखधार का कहना है कि 19 जनवरी, 25 फरवरी और 8 मई 2026 को सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में उनका नाम लेकर ह्लदेख लेनेह और ह्लनिपट लेनेह्न जैसी बातें कही गईं, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वीडियो के जरिए उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी पूर्व में थाना केमरी में पुलिस कर्मियों को धमकी देने के मामले में भी नामजद रह चुका है।

प्रार्थी ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत भवन के ताले तोड़कर उड़ाया हजारों का सामान

- जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस,लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी कल्याणपुर में एवं विद्यालय से सटे पंचायत भवन में बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा खिड़की के सरिए काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी लेने के बाद चली आई।

चोर विद्यालय से एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर एवं विद्यालय में उपयोग होने वाले बर्तन चोरी कर ले गए।पंचायत भवन से इन्वर्टर, 2 बैटरियां एवं डीवीआर रिकॉर्डर चोरी कर लिया गया।सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए।चोरों ने विद्यालय में नुकसान भी किया।घटना की



स्कूल में लोगों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रशासन द्वारा तत्काल थाना शहजादनगर थाना को सूचना देकर तहरीर दी गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ अन्य आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए गए।प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने आश्वासन दिया है कि घटना के खुलासे एवं चोरी गए सामान की बरामदगी हेतु तेजी से कार्रवाई की जा रही है ।दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र में रात्रि गशत बढ़ाने की मांग भी की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।शहजाद नगर थाना क्षेत्र में दो माह में दूसरे विद्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है।इससे पहले 16 मार्च की रात में प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में तोड़ फोड़ करने के साथ ही विद्यालय के अभिलेख जलाए। पुलिस अभी तक उसका भी खुलासा नहीं कर पाई है।

## शाहदरा गांव में आंगन में सो रहे परिवार के घर लाखों की हुई चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम शाहदरा में शुक्रवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घर के लोग गर्मी के कारण आंगन में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोरों ने कूमल लगाकर घर में घुसकर नकदी समेत लाखों का माल साफ कर दिया।

ग्राम शाहदरा निवासी वादी इवले हसन ने पुलिस को तहरीर दी है। उनके मुताबिक रात करीब 2 बजे परिवार के सभी सदस्य घर के आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर दीवार में कूमल लगाकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोर कमरे में रखी नकदी व कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह जागने पर जब परिजन कमरे में गए तो सामान बिखरा मिला और चोरी का पता चला। पीड़ित परिवार के अनुसार नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी हुए हैं ।सूचना पर मिलक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ट्रेनिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय के सहारे वार्डों की जिम्मेदारी



जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में सो रही स्टॉफ नर्स।

- आइसोलेशन वार्ड में स्टाफ नर्स का सोने का वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल प्रशासन के पास मरीजों की देखभाल के लिए एक लंबी फहरिस्त है। लेकिन इस फहरिस्त पर कितना अमल हो रहा है। अस्पताल के वार्डों में जाकर देखे कि कौन किस तरह से ड्यूटी कर रहा है। अधिकतर वार्डों की जिम्मेदारी ट्रेनिंग स्टॉफ और वार्ड ब्वॉय के सहारे हैं। मरीजों की देखभाल करने के लिए स्टाफ तैनात है वह सिर्फ सोकर ड्यूटी पूरी कर रहा है। जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में एक स्टॉफ नर्स का ड्यूटी पर तैनात सोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसकी पुष्टि जागरण मोर्चा नहीं करता है। ऐसे में जब रोगियों की देखभाल करने वालों का यह हाल है तो फिर अस्पताल का आलम क्या होगा। इससे साफ जाहिर है कि अस्पताल प्रशासन ने स्टॉफ को खुली छूट दे रखी है इसी वजह से वार्डों की जिम्मेदारी ट्रेनिंग स्टॉफ और वार्ड ब्वाय के सहारे हैं। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं हैं। मैं स्वयं अस्पताल में बने सभी वार्डों का निरीक्षण करता हूं।

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूक हुईं बेटियां



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने जनपद में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ज्वाला नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित कानूनी दंड के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी भी छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को दी गई।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहे ।

# नहर में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत,साथी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसका तहेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। दोनों ट्रैक्टर की सर्विस कराने जा रहे थे। यह घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव बेगमाबाद में पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के फार्म हाउस के पास हुई। खजुरिया थाने के खंडिया गांव निवासी रमन कुमार (20) अपने ट्रैक्टर की सर्विस कराने बेगमाबाद जा रहे थे। ट्रैक्टर रमन चला रहे थे और उनके तहेरे भाई विक्रांत (20) साथ बैठे थे। बरार फार्म से पहले अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। दोनों भाई ट्रैक्टर के नीचे दब गए।



मौके से गुजर रहे राहगीरों ने हादसा देखकर शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग एकत्र हुए और दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। रमन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और परिजन उसके शव को अपने साथ घर ले गए। गंभीर रूप से घायल विक्रांत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। मृतक के रिश्तेदार भानु प्रताप, मनोहर लाल और आदेश कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिवार अब शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा है।थानाध्यक्ष पंकज पंत ने दुर्घटना की पुष्टि की है। उन्होंने भी बताया कि परिजनों ने इस घटना को एक अनहोनी मानते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने से मनाकर दिया है।

# राज्यमंत्री ने दो सड़कों का किया शिलान्यास



सड़को का शिलान्यास करते राज्यमंत्री। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने ग्रामीण क्षेत्रों में दो सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 2.23 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने सड़कों को विकास की आधारशिला बताया ।शिलान्यास की गई परियोजनाओं में डंडिया से हिरनखेड़ा मार्ग का नव निर्माण कार्य शामिल है, जिस पर लगभग 89.70 लाख रुपए खर्च होंगे। दूसरी परियोजना डंडिया से मुशर्रफगंज मार्ग के नव निर्माण कार्य की है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 133.75 लाख रुपये है।

शिलान्यास के बाद डंडिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री औलख ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने जोर दिया कि बेहतर सड़कें केवल गांवों को जोड़ने का काम नहीं करतीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, कृषि और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराती हैं ।मंत्री ने बताया कि इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के किसानों सहित सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। अपने संबोधन में राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव,गरीब, किसान और आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंगनलाल राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

सहूलियत | स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में किया जाएगा परिर्वतित

# रिचार्ज कराए जाने का झंझट खत्म, मिली राहत



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद के 92 हजार उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ले ली है। उनके घरों में लगे स्मार्ट मीटर पोस्टपेड में परिवर्तित होंगे। इसको लेकर उपभोक्ता काफी चिंतित है। गली-मोहल्लों में स्मार्ट मीटर लगाने आए बिजली निगम अधिकारियों का घेराव कर रहे थे। इसके बाद भी अधिकारियों का रवैय्या ऐसा था कि धड़ाधड़ स्मार्ट मीटर लग रहे थे।

तीन दिन पहले यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने पत्र जारी कर साफ कर दिया है कि जिन उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट लगे है उन्हें पोस्टपेड परिवर्तित किया जाएगा। यह कार्य आरडीएसएस योजना के तहत होगा। बल्कि रिचार्ज कराने का झंझट ही खत्म हो गया है कि रिचार्ज कराओ, बिजली जलाओ। प्रबंधक निदेशक द्वारा जारी पत्र उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं काफी परेशानियां आ रही थी। स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड किया जाना है। अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने बताया कि यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक का दिशा निर्देशानुसार जून में स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में परिवर्तित करने का कार्य शुरू किया जाएगा। अब उपभोक्ताओं को सिर्फ महीने पर बिजली का बिल अदा करना होगा।



बिजली निगम के प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ताओं के हित के लिए जो आदेश दिए है वह काफी सराहनीय है। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है।- **अक्षिता शर्मा।**



यह मीटर काफी तेज चल रहे थे। जितनी बिजली जलाओ उतना का रिचार्ज कराना पड़ता है अब ऐसे में रिचार्ज कराए जाने के लिए पैसा है नहीं है। इससे छुटकारा मिल गया है। - **खालिद मियां।**



स्मार्ट मीटर की रामपुर में जरूरत नहीं है क्योंकि यहां पर लोग गरीब, तबके से है। जैसे-तैसे करके दो वक्त की रोटी के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। - **मोहम्मद जफर बेग, सभासद।**



स्मार्ट मीटरों को लेकर संगठन की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें अधिकारियों के ज्ञापन भी दिए गए। इन स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। - **अब्दुल रज्जाक खां।**

### इन डिवीजनों पर लग चुके है स्मार्ट मीटर

| डिवीजन | संख्या |
|---|---|
| शहर | 32,900 |
| स्वार-टांडा | 15,700 |
| बिलासपुर | 24,600 |
| मिलक-शाहबाद | 15,600 |

## एक नजर

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव को 28643 किशोरियों को लगेंगे टीके

**रामपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव को जनपद में 28,643 किशोरियों का टीकाकरण कराया जाएगा। टीकाकरण कराए जाने के लिए लोगों को बरेली-मुरादाबाद की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। यह वैक्सीन 11 हजार रुपये में लगती है। यह वैक्सीन जिला अस्पताल समेत सीएचसी-पीएचसी में उपलब्ध है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.के के चहल बताते है कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर महिलाओं के गर्भाशय के निचले हिस्से सर्विक्स में होने वाली एक गंभीर बीमारी है। जो आमतौर पर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के लंबे समय तक संक्रमण के कारण होती है। यह असामान्य कोशिकाओं को तेजी से बढ़ने ट्यूमर को बढ़ावा देता है। इसका मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध है लेकिन यह टीका और नियमित जांच से पूरी तरह से रोकी जा सकती है। यह गर्भाशय के मुंह सर्विक्स पर होता है। जो योनि को गर्भाशय से जोड़ता है। जिसका कारण है कि 90 प्रतिशत से अधिक मामले हयूमन पैपिजोमा वायरस के उच्च जोखिम वाले प्रकारों के कारण होते हैं जो यौन संपर्क से फैलता है।

# लोक अदालत में 97 हजार वादों का निपटारा

## जिला जज भानु देव शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया

जागरण मोर्चा, कार्यालय



दीप जलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ करते जिला जज। -जागरण मोर्चा



राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह से फिर बसे 5 परिवारों के साथ मौजूद न्यायिक अधिकारी।

**रामपुर।** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में 97 हजार 519 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें 14 मामले ऐसे है जिनका निस्तारण पारिवारिक न्यायालय में करते हुए 5 जोड़ों को आपसी सहमति से घर भेजा गया।

जिला जज भानु देव शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में 14 वैवाहिक मामलों में 125 सीआरपीसी व अन्य धारा के 34 मुकदमों का निपटारा किया गया। पांच केस ऐसे सामने है जिसमें शादियां टूटने की कगार पर थी। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अरविंद कुमार के प्रयास में 5 जोड़ों को दोबारा से साथ रहने के लिए राजी कर घर भेजा गया। मोटर दुर्घटना 21 मामलों का निस्तारण करते मृतक, घायलों के परिजनों को 1 करोड़ 62 लाख 40 हजार दिलाए गए। ईसी एक्ट में 802 केसों का निस्तारण हुआ। 51 हजार रुपये अर्थदंड के रूप में वसूले गए। स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट में 9 केसों का निस्तारण कर 45 सौ रुपये निकाले। इस तरह लोक अदालत में बैंक, फाइनेंस कंपनियों से ऋण वसूली व अन्य विभागों के साथ 89241 मामले और दीवानी कोर्ट से 4278 मामलों का निपटारा गया। कुल वादों 97 हजार 519 वादों का निस्तारण किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह से फिर बसे 5 परिवार

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला जजी परिसर रामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविंद कुमार- ।। की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में वैवाहिक विवादों सहित विभिन्न मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया। इसमें 14 वैवाहिक मामलों सहित धारा 125 सीआरपीसी एवं अन्य धाराओं के कुल 34 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान ऐसे कई मामले भी सामने आए जिनमें पति-पत्नी के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच चुके थे। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठकर वार्ता की ।आपसी समझौता और काउंसलिंग के माध्यम से 5 जोड़ों को पुन: साथ रहने के लिए राजी किया गया। समझौते के उपरांत जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में जोड़ों ने एक-दूसरे को फूल माला पहनाकर नए सिरे से जीवन शुरू करने का संकल्प लिया। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत केवल मामलों के त्वरित निस्तारण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह टूटते परिवारों को बचाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## सार संक्षेप

### हड़ताल में शामिल नहीं होगी एसोसिएशन



राजीव गुप्ता, जिलाध्यक्ष।

**रामपुर।** रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि प्रदेश, केंद्र सरकार के अनुरोध पर आगामी 20 मई को होने वाली दवा विक्रेताओं को हड़ताल में भाग नहीं किया जाएगा। बताया कि एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्य एवम पदाधिकारी अपनी अपनी दुकानें खोलेंगे। इसकी जानकारी जनपद के सभी सदस्यों वा पदाधिकारियों को दे दी गई हैं।



महुआ मोइत्रा का स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### सांसद महुआ मोइत्रा का हुआ स्वागत

**रामपुर।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के रामपुर पहुंचने पर सांसद प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत किया। पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद और फायरब्रांड नेता महुआ मोइत्रा के रामपुर आगमन पर सांसद प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनका स्वागत किया। इस दौरान रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को निभाते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया गया। सांसद प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में एडवोकेट महबूब अली पाशा ने महुआ मोइत्रा का स्वागत करते हुए उनके द्वारा संसद में उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दों की सराहना की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान रामपुर के स्थानीय प्रतिनिधिमंडल और सांसद के बीच विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा भी हुई ।महुआ मोइत्रा ने लोगों द्वारा मिले सम्मान और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया ।स्वागत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को जिले की वर्तमान गतिविधियों और क्षेत्र की गरिमापूर्ण विरासत से परिचित कराया। कार्यक्रम में कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता डॉ. अब्दुल सलाम ,सैफ, डॉ. मकतूब मुन्ना, नासिर सेख, उस्मान, आसिफ अली,मौजूद रहे।



समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते सीओ और कोतवाल। -जागरण मोर्चा

### समाधान दिवस में सीओ ने सुनी लोगों की फरियादें

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद में सीओ देवकीनंदन की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीओ देवकीनंदन ने थाने पर समाधान दिवस में लोगों की जनसमस्याओ को सुनकर उनके तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में कुल 4 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। सीओ देवकीनंदन ने कहा कि लोगों की समस्याओं को गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करने के लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए है। इस मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर में 50 लोगों का परीक्षण



शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक।

**रामपुर।** राजकीय यूनानी चिकित्सालय नगर द्वारा आयुष के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम ताशका का मझरा स्थित वृद्धाश्रम में लगे शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. मोहम्मद इकराम द्वारा लगभग 50 महिला व पुरुष रोगियों की जांच की। निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए अपने खान पान का विशेष ध्यान रखें इस बढ़ती उम्र में शरीर में अनेकों बीमारी न बनें। जिसके लिए आप सुबह उठकर प्राणायाम व योग भी करें। आयुष विभाग द्वारा योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जगह जगह कैंप लगाकर योग शिविर में लगाए जा रहें है।

# युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता: राजेंद्र

- छात्रों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रनायक क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती कार्यक्रम साईं विहार महाराणा स्थित फर्स्ट इंप्रेशन स्कूल पर आयोजित किया। हर वर्ष की भांति महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा अजय राठौर रहे जिन्होंने कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन और महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महासभा की ओर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे विशेषज्ञों द्वारा छात्र छात्राओं की फ्री कैरियर काउंसिलिंग की ।शिक्षा सम्मेलन में विद्यार्थियों ने रुचि लेकर विशेषज्ञों से संवाद किया ।अपने शिक्षा और भविष्य के लिए उच्च ज्ञान प्राप्त किया। सभी ने उस पहल को बहुत सराहा ।कार्यक्रम में जिला टॉपर छात्र छात्राओं में शिवानी सिंह, श्री सिंह और शौर्य चौहान और मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक अभय सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि देश को जब जब बलिदान की आवश्यकता पड़ी है तब तब क्षत्रिय समाज ने तन मन धन सभी प्रकार से देश के लिए बढ़ चढ़ कर अपना सर्वस्व बलिदान किया है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन राजपाल सिंह ने की। नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है कि विषम स्थिति में भी बिना घबराए हर मुश्किल का सामना करना है, सदैव देश, धर्म, नारी सम्मान और स्वाभिमान के लिए कार्य करना है। इस मौके पर अजय राठौर, पवन चौहान, राजेंद्र सिंह, नर्मदेश्वर राव, राकेश सिंह, जयंत सिंह, कौशलेंद्र सिंह, संजय सिंह, हर्षित सिंह, ओमवीर सिंह वैदिक,रामेश्वर सिंह, जयगोविंद सिंह, एन पी सिंह, अंजीत सिंह, देवेंद्र फौजी, अजेंद्र पाल सिंह, शरद कुमार, अमन राघव, शौर्य प्रताप सिंह, वंश कठेरिया, अक्ष प्रताप सिंह, रघुराज सिंह, , संजय सिंह, प्रशांत सिंह, अमरपाल सिंह, सचिन सिंह, जीवन सिंह, आरुष सिंह, शुभ सिंह , महिला जिलाध्यक्ष , स्नेहलता राठौर, लवली तोमर आदि उपस्थित रहे ।संचालन जिला महामंत्री युवा राकेश सिंह और युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने किया।

# धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




शाहबाद क्षेत्र में महाराणा प्रताप की जयंती मनाते ग्रामीण।

**शाहबाद।** शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर शाहबाद नगर समेत देहात में बहुत ही धूमधाम से जयंती को मनाया।

तहसील क्षेत्र के करैथी गांव में महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज चौहान रहे। उन्होंने केक काटकर महाराणा प्रताप की जयंती को मनाया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ग्राम प्रधान पदमा देवी, पूर्व प्रधान सुरेश पाल सिंह, कौशल चौहान, अतुल कठेरिया, मुकेश कठेरिया, अंकित चौहान, प्रदीप चौहान, संदीप चौहान, सुभाष चौहान, कौशल राठौर, विनीत फौजी, संजय फौजी, अमोल राठौड़, विशाल कठेरिया, बंटी राठौर आदि रहे। उधर नगर के मंगोली गांव में भी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई।

# पुलिस लाइन में बैठक का आयोजन



पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में शामिल एएसपी व पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शनिवार को पुलिस लाइन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में विवेचनाओं के सम्बन्ध में सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालय में नियुक्त हेड पेशी एवं प्रत्येक थाने से 4-4 दरोगा के साथ गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संसद चुनाव संपन्न

**टांडा।** शनिवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती योजनानुसार सत्र 2026-27 के लिए छात्र संसद के गठन के लिए सभी छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में मतदान किया गया सभी भैया बहनों ने पूरे उत्साह के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। उम्मीदवारों का विवरण निम्न प्रकार है ।राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार खुशी सैनी, रुदवल, कपिल सैनी, यश सैनी, आकांक्षा, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार लक्षिका, प्रीति,यश, नकुल, वन्दना प्रमुख पद के उम्मीदवार,पलक, दीपिका, निमिशा यादव,पदों पर चुनाव कराने में राजेंद्र सिंह आचार्य एवं शोभना आचार्या के द्वारा छात्र-छात्राओं को मत पत्र वितरित किये गये। चुनाव निष्पक्ष सम्पन्न हों, इसके लिए विद्यालय के प्रदीप कुमार, हरि सिंह, अशोक कुमार, विनीता, पारुल, बबीता, रुवी, रजनी, सुमन, मानसी और सचि आदि सभी आचार्य परिवार का सहयोग रहा ।चुनाव का परिणाम 11 मई दिन सोमवार को घोषित किया जायेगा।

**महाअभियान** अनुशासन, वैचारिक ऊर्जा एवं संगठनात्मक समर्पण के साथ संपन्न हुआ

# फिर प्रचंड बहुमत से 2027 में बनेगी भाजपा सरकार : नकवी

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। -जागरण मोर्चा




कार्यक्रम में बोलते जयपाल सिंह व्यस्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का द्वितीय दिवस का समापन अत्यंत उत्साह,अनुशासन, वैचारिक ऊर्जा एवं संगठनात्मक समर्पण के साथ संपन्न हुआ।

पूरे प्रशिक्षण अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में अद्भुत जोश एवं उत्साह देखने को मिला। प्रत्येक सत्र में कार्यकर्ताओं ने गंभीरता, अनुशासन एवं संगठन के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह से लेकर समापन तक भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक संस्कृति, कार्य पद्धति एवं राष्ट्रवादी विचारधारा की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः काल रात्रि विश्राम में रुके पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शाखा एवं योग कार्यक्रम के साथ हुई। शाखा में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकता का संदेश दिया गया, वहीं योग कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ एवं सक्रिय कार्यकर्ता निर्माण पर बल दिया गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आपसी संवाद एवं विश्राम कार्यक्रम में सहभागिता की। दूसरे दिन के प्रथम सत्र को उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख ने सरकार की उपलब्धियों विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री जगपाल सिंह यादव ने की। दूसरे सत्र में विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त ने संबोधित करते हुए राष्ट्रवादी संगठनों की विचारधारा, समाज जीवन में उनके योगदान तथा संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता विचार एवं संस्कार के आधार पर समाज को जोड़ने का कार्य करता है। इस सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि ने की ।तृतीय सत्र में रविंद्र सिंह एवं सर्वेश सिंह ने सोशल मीडिया एवं मीडिया विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। चतुर्थ सत्र को पश्चिम उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने संबोधित किया। उनका विषय व्यावहारिक सत्र रहा। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और संवैधानिक पंथनिरपेक्षता की प्रतिबद्धता ने भाजपा को सुशासन और समावेशी सशक्तिकरण का वैश्विक ब्रांड बनाया है, भाजपा के विस्तार को भारत के विकास के साथ जोड़ा है ।दुनिया के किसी भी राजनैतिक दल के सबसे बड़े मेगा ट्रेनिंग प्रोग्राम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए करोड़ों कार्यकर्ताओं के तपस्या की ताक़त, परिश्रम के परिणाम ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है।

दशकों की साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की सियासत को दरकिनार कर समावेशी सशक्तिकरण के दौर ने सत्तालोलुप साम्प्रदायिक सूरमाओं का सियासी सूपड़ा साफ कर स्पष्ट संदेश दिया है कि साम्प्रदायिक छल नहीं समावेशी बल देश की प्राथमिकता है। देश सांप्रदायिक तुष्टीकरण वालों को रिजेक्ट और समावेशी सशक्तिकरण वालों को एलेक्ट कर रहा है।

नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ तमाम तरह की राजनीतिक असहिष्णुता और अराजकता से भरपूर अंतर्राष्ट्रीय घमासान और अंदरुनी व्यवधान को परास्त कर भाजपा बिना रुके-थके विजय का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। 2027 में फिर प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनेगी।

### यह रहे मौजूद

कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक राजबाला, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राजा वर्मा, घनश्याम सिंह लोधी,ख्यालीराम लोधी,सूर्य प्रकाश पाल,सुनीता सैनी,ज्वाला प्रसाद गंगवार,बीना भारद्वाज, अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, काशीराम दिवाकर, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, जगपाल यादव अर्जुन रस्तोगी,आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, विवेक रुहेला, शुभम सक्सेना, राहुल गुप्ता, पारुल अग्रवाल, श्वेता शर्मा, दीपक गुप्ता, विकास दीक्षित,प्रमोद आहूजा, भारत भूषण गुप्ता, राजीव मांगलिक, श्रेया मदान, डॉली रंधावा, शुभम राठौड़, सुनील मौर्य, कुंवर बहादुर राजपूत, करतार सिंह लोधी, पूजा शर्मा, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता, कपिल गुप्ता, विक्रम सिंह,अजय सैनी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिविर में जूस बनाकर बच्चों को दिया डेमो

**बिलासपुर।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत नगर के मौहल्ला साहूकारा स्थित डीएवी कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय संस्कार शिविर का समापन हुआ। शिविर चौथे दिन बच्चों को क्ले मोल्डिंग द्वारा बहुत सुंदर डेकोरेटिव आइटम्स बनाने सिखाएं। साथ ही अंतिम दिन संयोजिका दीपिका अग्रवाल ने होममेड ड्रिंक बनाना सिखाया। तरबूज का जूस, लैमोनेड ड्रिंक, सत्तू, आम पना, बेल का शरबत, मैंगो शेक आदि विभिन्न प्रकार के जूस बनाने सिखाए। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, उन्हें पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रूपा अग्रवाल व अध्यापिकाओं संतोष आर्य, सीमा अग्रवाल, सारिका यादव नीरज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### बच्चों को मातृत्व दिवस के महत्व के बारे में बताया

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय मुंडिया मनकरा बिलासपुर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करते हुए मातृत्व दिवस के महत्व के बारे में बताया गया।सहायक अध्यापिका राधा वर्मा ने बच्चों को मदर्स डे के उपलक्ष में कार्ड बनवाया तथा हेड इंचार्ज प्रधान अध्यापिका कुशल राणा द्वारा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से माता का हमारे जीवन में क्या स्थान है उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बच्चों को समझाया गया कैसे मां के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

# मां संसार की सबसे बड़ी शक्ति, बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

## कार्यक्रम का शुभारंभ एक भावपूर्ण गीत के साथ हुआ, बच्चों ने मां की महिमा का किया गुणगान

- फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला नगर स्थित फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष विद्यालय ने मेरी मां, मेरी प्रेरणा थीम के माध्यम से समाज में मां के अटूट प्रेम और निस्वार्थ त्याग के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ एक भावपूर्ण गीत के साथ हुआ। जिसमें बच्चों ने मां की महिमा का गुणगान किया। इसके तुरंत बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्यार भरा नृत्य प्रस्तुत कर अपनी मासूमियत से सभी का मन मोह लिया।

मैनेजर ठाकुर अतुल कुमार सिंह ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मां संसार की सबसे बड़ी शक्ति है और बच्चों द्वारा दी गई ये प्रस्तुतियां उनकी मां के प्रति निस्वार्थ प्रेम को दर्शाती हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सीनियर छात्रों द्वारा प्यारी मां विषय पर आधारित एक मार्मिक नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने मां के संघर्षों, उनके त्याग और बच्चों के जीवन में उनके अतुलनीय योगदान को बखूबी दर्शाया। नाटक का उद्देश्य बच्चों को अपनी मां के प्रति संवेदनशील बनाना और उनके प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। इस अवसर पर विद्यालय की टीचर तान्या सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए मां के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि जीवन की सबसे पहली और श्रेष्ठ गुरु होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सदैव आदर करने और उनके बताए संस्कारों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्कूल की कोर्डिनेटर मुस्कान खान, लीगल हेड चांदनी श्रीवास्तव, सीनियर हेड आकांक्षा मौर्य, हेड कुमकुम राजपूत, चंचल प्रजापति, कल्चरल हेड डौली गंगवार, प्रियंका, लाजवंती, पायल, ज्योति, मनीषा, विमला, शैली श्रीवास्तव, मिष्ठी, स्वाति, श्वेता तिवारी, कोमल आदि मौजूद रहे।


फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मंचन करते छात्र-छात्राएं।



प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक- मां।



प्राथमिक विद्यालय में माता को कार्ड देते छात्र।

## लालपुर कलां में मां के सम्मान में सजा विद्यालय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में मातृ दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में गीत, कविता, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में बच्चों ने मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिनमें माताओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक शबनम आरा ने अपने संबोधन में कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है और हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को धन्यवाद दिया गया तथा उनके उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। विद्यालय परिसर तालियों और खुशियों से गूंज उठा। इस अवसर पर निदा खान, नंदकिशोर, आराधना सक्सेना, बच्चों के अभिभावक नाजमा, खतीजा, चुन्नी, फैज बी, भूरी अफसरी, फरजाना शबाना आदि उपस्थित रहे।

## मदर्स डे पर छात्र-छात्राओं ने बनाए कार्ड

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में मदर्स डे सेलिब्रेशन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया गया। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को मदर्स डे के बारे में बताया। फिर सभी माताओं को मदर्स डे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। कुछ माताओं के समक्ष उनके बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की प्रस्तुति भी करवाई गई।

इस अवसर पर माताओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गई। जिनमें की सभी माताओं ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में शामिल थी अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर हाथों से छूकर अपने बच्चे की पहचान करना, म्यूजिकल चेयर आदि। प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को उनके बच्चों के द्वारा सम्मानित करवाया गया। साथ ही उन सभी माता को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने की आज के इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।सभी बच्चों ने अपनी अपनी माता को देने के लिए बहुत ही सुंदर-सुंदर कार्ड भी बनाएं। इस अवसर पर विक्रम कुमार, निदा खान, लखविंदर कौर, तहरीमा, सरीना, शगुफ्ता, विनीता ,गुड्डी ,तबस्सुम आदि मौजूद रहे।

## मातृ दिवस पर माताओं को किया पुरस्कृत

**रामपुर।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा मे मातृत्व दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की माताओं ने विभिन्न प्रकार के खेलो में प्रतिभाग किया। लकी ड्रॉ, टॉवर मेकिंग, संगीत रुकने पर ग्लास उठाओ, सभी माताओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा माताओं के लिए समर्पित नृत्य प्रस्तुत किया गया। विजेता माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर एआरपी आकांक्षा गौतम ने सभी माताओं को प्रेरित किया। भविष्य में इस तरह के आयोजनों मे बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। इस अवसर पर रेनू सिंह, सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, गायत्री, कमलेश, क्रांति, सुनहरी, सुषमा उपस्थित रहे।



मुल्लाखेड़ा में माताओं को सम्मानित करते शिक्षक।

## 'मां एक शब्द नहीं, पूरा ब्रह्मांड है'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शिव विहार स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक नरदेव सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मां एक शब्द नहीं, पूरा ब्रह्मांड है। नौ महीने कोख में रखकर जन्म देने से लेकर, रात-रात भर जागकर बच्चे को पालने तक मां का हर रूप त्याग और ममता से भरा है। मां वो शिल्पकार है जो बिना किसी स्वार्थ के अपने बच्चे के चरित्र का निर्माण करती है। मां की गोद से सुकून देने वाली कोई जगह नहीं। कार्यक्रम संचालक अजय सिंह ने कहा, मां की ममता को शब्दों में बांधना असंभव है। धरती पर ईश्वर का रूप अगर कोई है तो वो मां है। बच्चे की पहली पाठशाला मां की गोद होती है जहां वह प्यार, दया, क्षमा और संस्कार सीखता है। मां के कदमों में ही स्वर्ग है - यह सिर्फ कहावत नहीं, सच्चाई है। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी माता के सम्मान में सुंदर गीत, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत की जिससे सभी माताए खुशी से झूम उठी !मां-बच्चे की जोड़ी प्रतियोगिता में माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता जोड़ियां को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ! बच्चों ने मंच पर मां के लिए नाटक प्रस्तुत किया जिसमें बताया गया की मां के बिना जीवन अधूरा है बच्चों में अच्छे संस्कारों और उज्जवल भविष्य में मां की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है !जिससे सभी मां भावुक हो गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू ने कहा, मां का कर्ज हम सात जन्मों में भी नहीं चुका सकते। वह सुबह सबसे पहले उठती है और रात में सबसे बाद में सोती है, फिर भी चेहरे पर शिकन नहीं आने देती। ऐसी मातृशक्ति को शत-शत नमन। कार्यक्रम के अंत में माताओं को स्मृति चिह्न दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका शैलजा कुशवाहा ,ईशा गौर ,गुलफ्शा बी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



मां को गिफ्ट देता बेटा।

## भारत और लेबनान हमेशा से अच्छे दोस्त : हादी जाबेर

- रामपुर पहुंचे लेबनान के राजदूत का नूर महल में शानदार स्वागत, रज़ा लाइब्रेरी का भी दौरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर ने कहा कि भारत और लेबनान हमेशा से अच्छे दोस्त रहे हैं। इस रिश्ते को और मज़बूत बनाने की कोशिश है। भारत में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर शनिवार को सपरिवार नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सभी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। अतिथि देवो भवः की भावना से हुए इस्तक़बाल से राजदूत काफी खुश नजर आए। उन्होंने मेहमाननवाज़ी और शाही दस्तरख्वान के पकवानों की प्रशंसा भी की।

नवेद मियां के साथ राजनयिक ने विश्व धरोहर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी का भी दौरा किया। उन्होंने हामिद मंज़िल की भव्यता को सराहा और रामपुर के तत्कालीन शासकों द्वारा इस लाइब्रेरी में मौजूद संग्रह को बेशकीमती क़रार दिया। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने राजनयिक का स्वागत किया। उन्हें लाइब्रेरी में अरबी संग्रह के बारे में बताया। कई मुद्रित पुस्तके भी भेंट कीं।राजनयिक ने कहा कि भारत और लेबनान के संबंध 1954 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देश अच्छे दोस्त हैं। उनका प्रयास है कि भारत और लेबनान का रिश्ता और ज़्यादा मज़बूत हो। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत अच्छा लगा। भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।


नूर महल में लेबनान के राजदूत हादी जाबेर और उनके परिवार का स्वागत करते पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां।


रज़ा लाइब्रेरी पहुंचे लेबनान के राजदूत हादी जाबेर, साथ में पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां। -जागरण मोर्चा

## भावाधस के स्थापना दिवस को सफल बनाने में जुटे पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस)के राष्ट्रीय निर्देशक विरोत्तम लल्ला बाबू द्राविड़ ने कहा कि आगामी 24 मई को मुरादाबाद के पंचायत भवन में भावाधस का 62वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।

इसको सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत से जुट जाए। राष्ट्रीय निर्देशक शनिवार को नगर के मौहल्ला भट्टी टोला स्थित प्रदेश सचिव प्रेमनरेश वाल्मीकि के आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा इस भव्य समारोह में पंजाब, लुधियाना, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड यूपी सहित समस्त राज्यों के केन्द्रीय एवं प्रदेशीय भावाधस पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल होगें। वही प्रदेश सचिव प्रेमनरेश ने कहा कि उनके संगठन को 62 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं।यह 62 वर्ष का सफर संघर्ष,सेवा और समाजोत्थान का स्वर्णिम इतिहास है। इस दौरान राष्ट्रीय निर्देशक और प्रदेश सचिव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से मिला और समारोह का निमंत्रण देकर मुख्य अतिथि बनने पर सहमति जताई। इस मौकें पर सतनाम सिंह,परवेश वाल्मीकि, कुलदीप वाल्मीकि,राजू नरेश वाल्मीकि, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, राहुल नरेश वाल्मीकि,कुनाल राजीव वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## राजकीय डिग्री कॉलेज में स्वगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

**रामपुर।** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा के मार्गदर्शन में एनसीसीअधिकारी डॉ. बिजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेश कुमार की देख रेख में स्वगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम संयोजक डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने पोर्टल के माध्यम से स्वगणना के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों से आग्रह किया कि सभी स्वयं तथा परिजनों की जानकारी पोर्टल पर भरें तथा परिवेश और समाज के अन्य लोगों को इसके लिए जागरूक करें। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट वसीम ने स्वगणना के अपने अनुभव साझा करते हुए इस प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा की।इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. उपदेश छिम्वाल, डॉ. माया भारती आदि प्राध्यापक तथा एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स-रेंजर्स के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## शिक्षकों के हितों में पूर्व की तरह लड़ता रहेगा संघ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार विद्यालय में शिक्षामित्रों के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पद पर पांचवीं बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर डॉ. राजवीर सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षामित्रों द्वारा उन्हें मिठाई खिलाकर एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट कर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजवीर सिंह ने सम्मानित शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के बड़े हुए मानदेय और पांच लाख तक की वार्षिक केश लेस चिकित्सा के लिए सभी को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हितों की लड़ाई हमेशा पूर्व की भांति लड़ी जाती रहेगी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ चाहता है कि न्याय हित में सम्मानित शिक्षा मित्रों एवं सम्मानित अनुदेशकों को अन्य शिक्षकों की भांति सामान कार्य सामान वेतन मिलना चाहिए। इदरीश अहमद के निर्देशन में समस्त सम्मानित शिक्षामित्र एकत्र हुए। सभी ने डॉ. राजवीर सिंह के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए आशा व्यक्त की। उनके नेतृत्व में शिक्षक एवं शिक्षामित्रों/अनुदेशकों के हितों को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख शिक्षामित्रों में इदरीश अहमद, शिक्षा मित्र जिला, सर्वेश कुमार, ब्लॉक प्रभारी टांडा, मंजू रानी, ऊषा सैनी, विनीत कुमार, आशाराम, विजयपाल सिंह, ऋषि पाल, राजीव कुमार, रेशमा, तबस्सुम, नफासत अली, इजाजुल हसन सहित अनेक शिक्षामित्र अनुदेशक एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ. राकेश बाबू शिक्षक उपस्थित रहे।


डॉ. राजवीर सिंह को बाबा साहब की प्रतिमा देते शिक्षामित्र। -जागरण मोर्चा

**आयोजन** तारक एजुकेशनल अकादमी में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

## मां का कोई एक दिन नहीं होता, बल्कि हर दिन मां से ही होता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में मदर्स डे के अवसर पर विद्यालय के किंडरगार्टन वर्ग की मदर्स के लिए एक विशेष आयोजन रखा गया। जिसके अंतर्गत किंडरगार्डन वर्ग की सभी मदर्स को अपने बच्चों के साथ विद्यालय बुलाया गया। जहां बच्चों द्वारा उन्हें अपने हाथों से बनाए हुए सुंदर सुंदर उपहार दिए गए। टीचर्स द्वारा आयी हुई मदर्स के लिए विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया।

जिसमें धूप से अपने बच्चे को न्यूज पेपर की सहायता से कैसे बचा सकते हैं। आंख पर पट्टी बांधकर अपने बच्चे को उसकी आवाज की सहायता से ढूंढना, कार्टून पर आंख बंद करके बिंदी लगाना गेम सम्मिलित रहे। जिसके अंतर्गत जीतने वाली मदर्स को इनाम भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने बताया कि मां का कोई एक दिन नहीं होता, बल्कि हमारा हर दिन मां से ही होता है। मां से ही हमारा अस्तित्व हमारी पहचान है। विद्यालय की छात्राओं द्वारा भी उनके समक्ष मां से संबंधित कविताएं सुनाई गईं। विद्यालय द्वारा मदर्स डे का सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किया गया था। जिसमें सभी मदर्स ने अपने बच्चों के साथ फोटो भी लिए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के द्वारा भी विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज में प्रतिभाग लिया गया जिनमें क्राउन मेकिंग, चार्ट मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, बैच मेकिंग, बुके मेकिंग एक्टिविटीज हुई। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा की गई सभी एक्टिविटीज की सराहना की। उन्हें बताया कि हमें हमेशा अपनी मां के साथ घर के अन्य सभी बड़े लोगों का भी कहना मानना चाहिए तथा उनका सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय को ऑर्डिनेटर में पूजा अरोड़ा, कुलदीप कौर, सुखविंदर, आशा, कुमारी नाजिया, कंवलजीत, दीपिका, अदनान, सिमरनजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



तारक एजुकेशनल अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को उपहार देते प्रधानाचार्य। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### ईको कार सवार महिला के बैग से नकदी व चांदी के जेवरात चोरी

**चन्दौसी।** बहजोई क्षेत्र के गांव चाटन से ईको गाड़ी में बैठकर पान सिंह पुत्र विद्याराम शनिवार को अपनी बेटी रश्मि के साथ थाना बिलारी क्षेत्र के गांव नसीरपुर आ रहे थे। आरोप है कि ईको चालक ने उनकी बेटी का बैग बीच में सीट के नीचे रखवा दिया, जहां पहले से कुछ लोग बैठे हुए थे, जबकि उन दोनों को पीछे की सीट पर बैठा दिया गया। पीड़ित के अनुसार जब गाड़ी चन्दौसी टी-पाइंट के पास पहुंची तो चालक ने यह कहते हुए दोनों को उतार दिया कि वह बिलारी नहीं जाएगा। दोनों पिता-पुत्री टी-पाइंट पर उतर गए और अपना बैग भी साथ ले लिया। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ईको गाड़ी बाईपास से बिलारी की ओर जा रही है, जिस पर उन्हें शक हुआ। शक होने पर रश्मि ने बैग खोलकर देखा तो उसमें रखे पर्स से 5 हजार रुपये की नकदी, चांदी की पायल, चांदी का बाजू बंद तथा अन्य सामान गायब मिला। जब तक उन्हें चोरी का पता चला, तब तक ईको चालक मौके से फरार हो चुका था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 3955 वादों का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती जिला जज।

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी मुख्यालय तथा बाह्य न्यायालय सम्भल एवं गुन्नौर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 3955 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान अर्थदण्ड, प्रतिकर एवं समझौते के रूप में कुल 34 करोड़ 06 लाख 59 हजार 988 रुपये की धनराशि वसूल एवं प्रदत्त कराई गई।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सम्भल मचला अग्रवाल ने 27 वादों का निस्तारण किया। वहीं पीठासीन अधिकारी एमएसीटी सम्भल प्रदीप कुमार ने मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 27 मामलों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्ष को 2 करोड़ 89 लाख 88 हजार 63 रुपये का प्रतिकर दिलवाया। अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार ने 371 मामलों का निस्तारण कर 6 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने 3 मामलों का निस्तारण कर 1500 रुपये का जुर्माना किया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल दीपक कुमार जायसवाल ने सर्वाधिक 1483 मामलों का निस्तारण करते हुए 5 लाख 16 हजार रुपये अर्थदण्ड के रूप में वसूल किए। इसके अतिरिक्त सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालयों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सीडी चन्दौसी पराग यादव ने 169 वाद, सिविल जज सीडी आदित्य सिंह ने 384 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नावेद अख्तर ने 130 वाद तथा सिविल जज जूडि दिव्या गर्ग ने 125 वादों का निस्तारण किया।बाह्य न्यायालय सम्भल में सिविल जज जूडि ललित कुमार ने 539 वादों का निस्तारण कर 5580 रुपये जुर्माना वसूल किया, जबकि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम दिव्या चिण्डालिया ने 29 मामलों का निस्तारण किया। गुन्नौर न्यायालय में सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने 653 मामलों का निस्तारण करते हुए 4 लाख 18 हजार 888 रुपये अर्थदण्ड वसूल किया।राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत जनपद सम्भल के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 25 हजार 447 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं उपभोक्ता फोरम ने 15 मामलों का निस्तारण कर 41 लाख 17 हजार 987 रुपये की समझौता धनराशि दिलाई। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा 311 मामलों का निस्तारण कर समझौते के माध्यम से 4 करोड़ 34 लाख 37 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की गई।

## मोबाइल छीना तो युवती ने खाया जहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र स्थित गांव खंजीपुरा में शनिवार दोपहर एक युवती ने नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार इंद्रपाल की 18 वर्षीय पुत्री नीरेश शनिवार को घर पर मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान उसके भाई ने मोबाइल फोन छीन लिया। बताया जा रहा है कि इसी बात से क्षुब्ध होकर युवती ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया।कुछ देर बाद युवती की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उसे निजी वाहन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, गांव के 3 युवकों पर परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के नरौली चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय सिकंदर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने गांव के ही तीन युवकों पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के भाई वीरेंद्र ने बताया कि उसके 28 वर्षीय भाई राजेश पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह को शनिवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे के बीच गांव के ही तीन युवक घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि शाम करीब साढ़े छह बजे के बीच वही युवक राजेश को वापस गांव में छोड़कर चले गए। परिवार के लोगों ने जब राजेश की हालत देखी तो उन्हें कुछ संदिग्ध लगा। जिस पर भाई को नरौली के एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, लेकिन वहां स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। इसके बाद राजेश को चन्दौसी स्थित चिकित्सकों के पास ले जाया गया, जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। शव को देखते ही पत्नी, मां और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वीरेंद्र ने बताया कि राजेश की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व हुई थी। उनका एक सात वर्षीय बेटा भी है। राजेश गांव में आटा चक्की चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने थाना बनियाठेर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि तहरीर मिल गई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है उसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम का निर्देश: विकास कार्यों में न बरतें ढिलाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बबराला में कान्हा गोशाला का निरीक्षण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा नगर पंचायत बबराला क्षेत्र का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम इंदिरा चौक बबराला का निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला को निर्देशित करते हुए कहा कि चौक के आसपास साफ़ सफाई रहे तथा अतिक्रमण को लेकर भी संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत के द्वारा रेलवे स्टेशन के आसपास कराये जा रहे सड़क,साइड़ पटरी,नाली , डिवाइडर निर्माण के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी से कहा कि कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने डिवाइडर पर पौधारोपण कराने के साथ पटरी का स्लोव सही रहे ताकि पानी का जमाव न हो और पानी आसानी से नाली में जा सके। इसी दौरान उन्होंने विद्युत पोल पर आवांछित तारों को हटवाने को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद रेलवे स्टेशन के पास जनसहयोग से बनाई जा रही छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के कार्य का निरीक्षण किया। इसके उपरांत नगर पंचायत बबराला की कान्हा गौशाला पहुंचे और का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि गौशाला में कहीं भी पानी का जमाव न हो, निराश्रित गौ वंशो को पानी पीने के लिए बनी हौदी को चूना डालकर साफ़ सफाई कराए, बीमार गौवंशों के लिए गौशाला में अलग से स्थान चिन्हित किया जाए तथा उनका विशेष ख्याल रखा जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशाला में आएं तथा प्रतिदिन गौवंशों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल करें। गौवंशों के चारे को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी विकास चन्द्र, नगर पंचायत अध्यक्ष बबराला हर्षवर्धन,अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाज की एकजुटता और कुरीति मुक्ति पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय




महाराणा प्रताप की जयंती के कार्यक्रम में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा नगर कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती नगर के बदायूं चुंगी स्थित महाराणा प्रताप पार्क पर धूमधाम के साथ मनाई। जहां पर नगर के साथ आस पास के क्षेत्रों से युवा डीजे की धूनों पर जुलूस के रूप में पहुंचे। एकत्र हुए काफी संख्या में क्षत्रिय बंधु ने राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत सभी क्षत्रिय समाज के लोगों व युवाओं ने एक रैली के रूप में जुलूस निकाला। जुलूस बदायूं चुंगी से शुरू होकर देवर खेड़ा स्थित आशीष गार्डन पहुंचा। जहां पर भगवान श्री राम और राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विशाल चौहान, मनोज कठेरिया, मनोज राघव, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अशोक सिंह, विक्रम सिंह, चेतन चौहान आदि लोगों ने समाज के लोगों को एकजुटता के साथ समाज से कुरीतियों को दूर करने का आवाहन किया। इसके साथ उन्होंने सभी से राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप के द्वारा सिखाए गए आदर्श का अनुकरण अपने जीवन में करने का संकल्प लिया गया। विजयवीर सिंह चौहान ने इस अवसर पर समाज से यह संकल्प लेने की बात कही कि समाज में ब्रह्म भोज 13वीं के रूप में व्याप्त जो कुर्ती चली आ रही है, इसका सभी क्षत्रिए समाज मिलकर पुरजोर विरोध करें, ताकि हम इस कुर्ती को दूर कर सकें। सुखपाल सिंह गौर ने अपने काव्य पाठ द्वारा सभा को आनंदित किया तथा समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने समाज के मनोज कठेरिया, विशाल चौहान, ओमेंद्र सिंह प्रधान, विक्रम सिंह तथा पूर्वी राघव, सुनील सिंह, संजय रघुवंशी, रामवीर चौहान,विनय राठौर, चंदौसी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह व संचालन जिला महामंत्री नितिन कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## फरार आरोपी के खिलाफ अदालत का सख्त रुख, उद्घोषणा जारी कर किया तलब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय चन्दौसी ने एक मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बीएनएसएस 2023 की धारा 84 के अंतर्गत उद्घोषणा जारी की है। अदालत ने आरोपी को निर्धारित तिथि पर व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। न्यायालय से जारी आदेश के अनुसार मुकदमा संख्या 861/2026 में नगर के बड़ा बाजार निवासी निशान्त पुत्र स्वर्गीय राकेश कुमारके खिलाफ परिवाद दर्ज है। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पूर्व में वारंट भी जारी किया गया था, लेकिन पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी जानबूझकर गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा है और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है। इस पर अदालत ने आरोपी के खिलाफ सार्वजनिक उद्घोषणा जारी करते हुए उसे 1 जून 2026 को सुबह 10 बजे न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी तय तिथि पर उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कानून के तहत आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय के इस आदेश के बाद पुलिस ने इस आदेश को उनके घर पर चस्पा कर दिया है वहीं क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चा बनी हुई है।

## सुलह समझौता से 18 पत्रावलियों का निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत तथा क्षेत्रधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान काउंसलिंग कुल 76 पत्रावलियों को सुनकर 18 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 05 परिवारों को मिलाया गया एवं 5 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई।

## वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण कराकर मनाई संत सूरदास जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




संत सूरदास की जयंती पर नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में सक्षम जिला सम्भल समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसंधान मंडल (मेरठ प्रान्त) की सम्भल जिला इकाई द्वारा संत सूरदास जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों, विशेषकर दिव्यांग एवं असहाय वृद्धजनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान कुल 78 वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा उन्हें निश्शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। जिन वृद्धजनों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, उनके शीघ्र उपचार के लिए सक्षम संगठन द्वारा शासनिक एवं सामाजिक सहयोग से इलाज कराने का निर्णय भी लिया गया। आरएसएस नगर प्रचारक रौनक ने संत सूरदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके भक्ति, समर्पण एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि संत सूरदास भारतीय भक्ति परंपरा के ऐसे महान संत एवं कवि थे, जिन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि और भक्ति भाव से समाज को प्रेम, समर्पण और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया। दृष्टिबाधित होने के बावजूद उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का इतना जीवंत वर्णन किया कि आज भी उनका साहित्य जन-जन के हृदय में बसता है। सूरदास का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शारीरिक सीमाएं व्यक्ति की क्षमता को नहीं रोक सकतीं, यदि उसके भीतर दृढ़ संकल्प और भक्ति का भाव हो। उन्होंने अपने काव्य के माध्यम से समाज में समानता, करुणा और भक्ति की धारा प्रवाहित की। ऐसे महान संत की जयंती हमें सेवा, संवेदना और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। पूर्णकालिक कार्यकर्ता मेरठ प्रांत, आशुतोष ने सक्षम संगठन के कार्यों, उद्देश्य एवं समाज में उसके महत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। दिव्यांगजन समाज की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति हैं। उचित मार्गदर्शन, संसाधन एवं अवसर मिलने पर वे भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसी सोच के साथ सक्षम पूरे देश में अपने कार्यों का विस्तार करते हुए सेवा, सहयोग, संवेदना और सशक्तिकरण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास कर रहा है। इस दौरान आरएसएस जिला व्यवस्था प्रमुख चरन सिंह, दिलीप गोयल, युवराज सिंह, जिलाध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय, जिला सचिव अनुज वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डोली शर्मा, डा. गौरव बंसल, निशांत शर्मा, शुभम अग्रवाल, रितिक, दिनेश मौर्या, दिनेश, गोविंद सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां को समर्पित एबीसी किड्ज स्कूल का विशेष आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल मे मदर्स डे पर नॉन स्टॉप कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती माताएं। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में शनिवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में बच्चों की माताओं के लिए यम्मी यम्मी नान स्टोव कुकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उनके स्नेहपूर्ण योगदान को सम्मान देना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी माताओं ने अत्यंत उत्साह, उमंग और खुशी के साथ भाग लिया तथा बिना गैस या आग का उपयोग किए। प्रतियोगिता में माताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन बर्गर, चना जोर गरम, सैंडविच, भेलपुरी, आलू चाट, रूसी सलाद, अंकुरित चाट, अंकुरित सलाद, फ्रूट क्रीम, मटर चाट, ड्राई फ्रूट लड्डू, चना चाट, पापड़ी चाट, पिज़्ज़ा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि मदर्स डे मां के प्रेम, त्याग, ममता और समर्पण को सम्मान देने का विशेष अवसर होता है। मां बच्चों के जीवन की पहली गुरु होती है, जो अपने संस्कारों, स्नेह और मार्गदर्शन से उनके जीवन को उज्ज्वल बनाती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा माताओं के लिए इस विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे माताओं को अपनी रचनात्मकता और हुनर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो सके।उन्होंने कहा कि मां के हाथों के भोजन में केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि प्रेम और अपनापन भी शामिल होता है, जो हर व्यंजन को विशेष बना देता है।निर्णायक मंडल में शीतल सूरी तथा गरिमा रही। इस दौरान काजल, प्रिया, शालू, इशिता, सरिता, सोनम, रूपाली, दीक्षा, सिल्की, संतोष, मीनू, नीरज, मंतशा, लक्षिता आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बच्चों ने माताओं को फूल भेंट कर मदर्स डे मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मुरादाबाद गेट स्थित आक्सफोर्ड चिल्ड्रेन अकादमी में शनिवार को मदर्स डे समारोह बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं को फूल भेंट कर मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं तथा उनके प्रति अपना प्रेम एवं सम्मान व्यक्त किया। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने मां और बच्चे की भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के स्नेह, त्याग एवं ममता को दर्शाया। बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में माताओं के लिए भी विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अंकित वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, हुडा अब्बासी, प्रिया वार्ष्णेय, स्नेहा शर्मा, नाज़मी, मंताशा, तमन्ना, खुशी, अलीमा एवं अरीफा आदि का विशेष सहयोग।

## निर्धन कन्या के विवाह के लिए किया सहयोग

**चन्दौसी।** नगर के गीता सत्संग में किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक निर्धन परिवार की कन्या के विवाह के लिए उपहार और घरेलू सामान .बेडशीट ,साड़ी या, पैंट -शट चांदी का व सोने के धातु का सामान व और विवाह के लिए धन एकत्रित कर दिया गया। सभी सदस्यो ने दान दहेज देकर निर्धन कन्या के विवाह में सहयोग किया। किरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की प्रदेश अध्यक्ष डा. नीलम वार्ष्णेय ने कहा कि किसी भी निर्धन परिवार कन्या की शादी के लिए हम हमेशा तत्पर हैं।




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अफसाना पत्नी उस्मान शाह निवासी ग्राम भंवरका थाना केमरी जनपद रामपुर ने उपस्थित थाना आकर तहरीर किया कि उसका पुत्र अरमान शाह उम्र करीब 15 वर्ष दिनांक 24 .4 .2026 को करी ब 15 .00 बजे से घर से कंही चला गया है, जो वापस घर पर नहीं आया। जिसे काफी तलाश कियां गया परंतु नहीं मिला। उक्त गुमशुदा अरमान शाह पुत्र उस्मान शाह के सम्ब न्ध मे थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 55/2026 अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत है। हुलिया - लंबाई करीब 5 फिट, शरीर इकहरा स्वस्थ, रंग गेहूंआ, बाल छोटे काले।

**पहनावा** - काला बनियान, काला लोअर तथा नीली चप्पल पहने हुए है। यदि किसी व्यक्ति को लापता की जानकारी मिले तो निम्न मो0नं0 पर सूचित करने की कृपा करें।

| (परिजन) | (विवेचक) | (थानाध्यक्ष) |
|---|---|---|
| उस्मान पुत्र फूल शाह | उ0नि0 श्रवण कुमार | थाना - केमरी, रामपुर |
| नि0ग्रा0 भंवरका | 8958201684 | 9454404162 |
| 9259873216 | | |

## एक नजर

### प्रेमी युगल ने जीती प्यार की जंग

**ठाकुरद्वारा।** प्रेमी के प्यार में पागल प्रेमिका निकाह को लेकर शादी के चंद घंटे पहले ही कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजनों को बुलाया और आपसी सहमति पर प्रेमी युगल को निकाह के लिए राजी हो गए। प्रेमी युगल ने आखिर प्यार की जंग जीत ली। पुलिस ने प्रेमी युगल की सहमति के बाद दोनों उनके परिजनों के साथ भेज दिया। नगर के मोहल्ला निवासी युवती का काफी समय से ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ चल रहा था। युवती के परिजनों ने युवती की शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी। युवती खामोश रही। शादी के करीब 72 घंटे पहले ही युवती ने अपने प्रेमी युवक से शादी की नियत बना ली और शादी को लेकर,प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां युवती ने अपने प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने युवती और प्रेमी युवक के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर पूर्व प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल के परिजनों ने दोनों के निकाह पर राजी हो गए। पुलिस ने प्रेमी युगल के बयान दर्ज कर उनके परिजनों के साथ भेज दिया। आखिरकार प्रेमी युगल ने प्यार की जंग जीत ली है।

# शिक्षक भरें डिजिटल जनगणना का दम

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिक्षक जनगणना 2027 का कार्य करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 'डिजिटल स्वगणना' अभियान को गति देने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है। डिजिटल इंडिया के विज़न को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी स्वगणना प्रक्रिया पूरी कर एक मिसाल पेश की। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों से इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गिनती नहीं है, बल्कि यह किसी भी देश के सर्वांगीण विकास की योजनाओं का मुख्य आधार होती है। सटीक आंकड़ों के माध्यम से ही सरकार भविष्य की नीतियां, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे का खाका तैयार करती है। उन्होंने बताया कि इस बार भारत सरकार ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए प्रक्रिया को अत्यधिक सरल और सुविधाजनक बना दिया है।अध्यक्ष रामवीर सिंह ने जानकारी दी कि अब प्रत्येक शिक्षक और आम नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने आवास संबंधी और अन्य आवश्यक विवरण पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अब लंबी कागजी प्रक्रियाओं पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। यह कदम न केवल समय की बचत करेगा, बल्कि डेटा की सटीकता और पारदर्शिता को भी सुनिश्चित करेगा। रामवीर सिंह ने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे न केवल अपनी गणना स्वयं करें, बल्कि एक जागरूक नागरिक और राष्ट्र निर्माता के रूप में अपने आसपास के लोगों को भी इस डिजिटल प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें।

## टोल पर तांडव, 24 किसान नेता गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बिलारी थाना पुलिस ने इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर हंगामा, मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और टोल फ्री कर राजस्व नुकसान पहुंचाने के मामले में 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टोल मैनेजर सोनू यादव की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप है कि आरोपियों ने टोल संचालन के लिए प्रतिमाह 50 हजार रुपये की मांग की। विरोध करने पर ड्यूटी पर तैनात सुपरवाइजर और कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। महिला कर्मचारियों के साथ अश्लील हरकत करने, मोबाइल फोन और नकदी लूटने तथा, जातिसूचक शब्द कहने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और 26 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। मामले में बीएनएस, एससी-एसटी एक्ट और लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, गया है।

## गांव की महिला से परेशान ग्रामीणों ने एसएसपी से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर के दर्जनों ग्रामीणों ने गांव की एक महिला के खिलाफ सामूहिक शिकायत पत्र देकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला की गतिविधियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और लोग भय व तनाव के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि गांव निवासी महिला ने अपने पूर्व पति के मकान पर कब्जा करने, बाहरी लोगों का आना-जाना बढ़ाने तथा गांव के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि महिला के व्यवहार और गतिविधियों से गांव के युवक-युवतियों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर भी कई बार मामला सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। उनका कहना है कि इससे पहले भी थाना ठाकुरद्वारा में शिकायत दी गई थी, मगर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने एसएसपी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, गांव में शांति व्यवस्था कायम की जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई कि विवादित मकान को कब्जा मुक्त कराया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। हालांकि, यह सभी आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। मामले की वास्तविकता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। शिकायती पत्र साबिर अली, अकरम अली, अनीस अहमद, इरफान, रिजवान, फरीद अहमद, सलीम अहमद , शमशाद हुसैन, नाजिम अली, मेहंदी हसन, नसरुद्दीन, साजिद अली, शाहिद, खलील अहमद, विरासत संजीदाबेगम मुस्ताक सुभान अली, हसन, नियाज अली, मोहम्मद इरफान आदि रहे।

## भीषण गर्मी के कारण सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**ठाकुरद्वारा।** मौसम परिवर्तन के दौरान दो-चार दिन हल्की बूंदाबांदी के चलते मौसम सुहाना हो गया। इसी के चलते शनिवार को फिर मौसम ने करवट ली और भयंकर गर्मी व तपिश बढ़ने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। दिन प्रतिदिन सूर्य देव अपने सख्त तेवर दिखाने लगे हैं।

क्षेत्र की जनता गर्मी के चलते पसीने में तरवतर है। दोपहर में लू के थपेड़े बुरी तरह क्षेत्र के नागरिकों को घर में कैद करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। गर्मी के कारण मनुष्य का जीवन तो अस्त व्यस्त है वहीं पशु पक्षी भी परेशान है। चिलचिलाती गर्मी के चलते लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण कूलर पंखे ऐसी भी गर्म हवा फेंकने लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूर वर्ग के लोगों को उठानी पड़ रही है। न तो मजदूरी मिल रही है और नहीं इतनी गर्मी में मेहनत का काम हो पा रहा है। आमदनी न होने के कारण मजदूर वर्ग के लोगों को खाने-पीने की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

# पैरालाइज के चलते जवान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीआरपीएफ जवान को राजकीय सम्मान देते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** सैद नगली निवासी सीआरपीएफ जवान की शुक्रवार की देर शाम नोएडा के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।सीआरपीएफ जवान के निधन की सूचना पर परिवार में कोहराम मचा है।

नगर पंचायत सैद नगली निवासी रूप किशोर 45 वर्षीय वर्ष 2003 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में भर्ती हुए थे ।वर्ष 2005 में उनकी तैनाती श्रीनगर में थी।जहा आतंकवादियों के हमले में रुप किशोर घायल हो गए थे हमले में उनके सीने में गोली लगने के कारण उनका धड से नीचे का हिस्सा पैरालाइज हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और देश सेवा जारी रखी। घायल होने के बाद भी रूप किशोर सीआरपीएफ कार्यालय में रहकर अपनी सेवाएं देते रहे ।जनवरी 2026 में तबीयत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उन्हें घर लाया गया था। जहां शुक्रवार सुबह घर पर जवान की हालत बिगड़ी तो उन्हें नोएडा के सेक्टर 10 स्थित आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां शाम को उनकी मौत हो गई। जवान की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को सीआरपीएफ मुख्यालय से 15 जवानों की टुकड़ी उनके पैतृक आवास पहुंची और तिगरी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कर्तव्य निष्ठ और बहादुर जवान बताया शहीद जवान के पुत्र मणिकांत ने कहा कि उनके पिता एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने गोली लगने के बाद भी कभी हार नहीं मानी।



थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते अपराध निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

## थाना समाधान दिवस में पांच शिकायत दर्ज,एक का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा सुनी गई थाना समाधान दिवस में मात्र पांच शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा एक शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा बाकी बची हुई शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर दिया गया। अपराध निरीक्षक द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि थाना समाधान दिवस प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है ।इसमें दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण करें।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।शुक्रवार की देर रात करीब 11:50 बजे गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल अमित कुमार व कांस्टेबल दीपक कुमार ने गांव रखेड़ा से करीब 100 मीटर आगे मैन्था फैक्ट्री के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे अभियुक्त को घेराबंदी कर पकड़ा गया।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मुरारी पुत्र गंगासहाय, निवासी गांव रखेड़ा के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद सफेद रंग की केन से कच्ची शराब बरामद हुई।

## वेल्डिंग कराते समय बग्गी में लगी दो घोड़ियों की मौत, युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बग्गी के पहियों पर वेल्डिंग कराते समय उत्तरा करंट दो घोड़ियों की मौके पर मौत एक युवक भी घायल हो गया, घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया,युवक की हालत सामान्य बताई जा रही है।

पीड़ित बग्गी चालक ने ढाई लाख रुपए का आर्थिक नुकसान बताया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी दीपक पुत्र बदलू शादी विवाह में बग्गी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार की देर शाम बग्गी चालक दीपक गांव में स्थित वेल्डिंग की दुकान पर बग्गी के पहियों पर वेल्डिंग करा रहा था। जबकि बग्गी में दो घोड़ियां लगी हुई थी। पिछले दो पहियों पर वेल्डिंग कराने के बाद जैसे ही वेल्डिंग कारीगर ने बग्गी के अगले पहियों पर अर्थिंग लगाया तो अचानक हाई टेंशन विद्युत करंट बग्गी में दौड़ पड़ा। करंट दोड़ते ही दोनों घोड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बग्गी को पकड़े खड़ा गांव निवासी युवक ओमवीर पुत्र ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पीड़ित बग्गी चालक ने बताया है कि बिजली के करंट से घोड़ियों की मौत होने के कारण उसे लगभग ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित के द्वारा हल्का लेखपाल को सूचना दी गई है। घटना की खबर सुनते ही गांव के तमाम भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई।

## मुरादाबाद में शुरू हुई कार्डियक सर्जरी ओपीडी, अब शहर में मिलेगा विशेषज्ञ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** हृदय रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने जिज्ञासा हॉस्पिटल के सहयोग से शहर में कार्डियक सर्जरी ओपीडी शुरू की है। इसका उद्देश्य मरीजों को अपने शहर में ही हृदय रोगों से संबंधित विशेषज्ञ परामर्श और आधुनिक उपचार उपलब्ध कराना है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, अब मरीजों को जटिल हृदय रोगों के इलाज के लिए दूसरे शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ओपीडी में हार्ट बायपास सर्जरी, हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट एवं रिपेयर, मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी, जन्मजात हृदय रोगों के उपचार और वैस्कुलर सर्जरी संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में कुल मौतों में लगभग 33 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों के कारण होती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक और हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके पीछे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान, तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। इस मौके पर डॉ. जीवन पिल्लई ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण युवा वर्ग भी हृदय रोगों की चपेट में आ रहा है। समय पर जांच और सही सलाह से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। वहीं डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि नई ओपीडी क्षेत्र के मरीजों के लिए वन-स्टॉप सेंटर की तरह काम करेगी और उन्हें विशेषज्ञ उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सके।

# शादी रचाने आए पति का हाईवोल्टेज ड्रामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मोहल्ले में हंगामा होते हुए पुलिस मौके पर। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर स्थित एक मंदिर के प्रांगण में शादी समारोह में उस समय हंगामा हो गया जब शादी कर रहे युवक की पत्नी मौके पर पहुंची और जमकर हंगामा करने लगी हंगामे की सूचना पर डायल 112 व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमी एवं प्रेमिका को कोतवाली ले आई।

नगर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक विवाहिता ने अपने पति को दूसरी युवती के साथ शादी करते हुए नगर के एक मंदिर में पकड़ लिया विवाहिता द्वारा जमकर हंगामा किया गया उसके बाद युवक के एक रिश्तेदार के यहां तीनों पहुंच गए।इस दौरान जमकर हंगामा होने लगा हंगामे की सूचना पर डायल 112 को सूचना दी गई सूचना मिलते डायल 112 एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला शांत न होने पर पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। बताया जा रहा है युवक धनोरा निवासी है उसकी शादी गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से 15 साल पहले हुई थी, उनके एक बेटा व दो बेटी है। लेकिन 14 अप्रैल को युवक जनपद बिजनौर की चांदपुर निवासी एक युवती को लेकर फरार हो गया, युवती के पिता के द्वारा आरोपी व उसकी पत्नी के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। शनिवार को विवाहिता को सूचना मिली कि उसका पति युवती के साथ नगर के एक मंदिर में शादी कर रहा है। तभी विवाहिता मंदिर पहुंची और हंगामा करने लगी, हंगामा के दौरान युवक के नगर निवासी एक रिश्तेदार के यहां तीनों पहुंच गए लेकिन वहां भी जमकर हंगामा होने लगा।

# भाकियू ने खोला मोर्चा, जांच को अड़े किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



किसानों को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक स्तरीय बैठक में किसान नेताओं द्वारा सरकारी चीनी मिल में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

शनिवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा झकडी फीडर पर बहुत कम बिजली दी जा रही है। जिससे किसानों को काफी दिक्कतें हो रही है, इसी के साथ उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई करने के लिए मध्य गंगा नहर में जल्द से जल्द पानी छोड़ा जाए। कहा कि किसानों को इस समय खाद कम मात्रा में मिल रहा है। खाद की कमी को जल्द पूरा किया जाए और किसानों को समय से खाद दिया जाए। पंचायत की अध्यक्षता रोहतास सिंह ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर काले सिंह, सीता आर्य ,महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, लप्पू सिंह,यशपाल आर्य ,बृजपाल सिंह, चंचल चौहान, तेजपाल सिंह राणा, राजपाल सिंह, करन सिंह, बाबू अली, ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा और स्वाभिमान के साथ मनी प्रताप जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय



महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शनिवार को मुख्य कार्यक्रम नगर के रहरा अड्डा स्थित महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित हुआ, जहाँ भारी संख्या में समाज के लोगों और युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य और स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतीक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया लेकिन गुलामी नहीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस दौरान नगर में युवाओं द्वारा विशाल शौर्य यात्रा भी निकाली गई। भगवा ध्वजों के साथ देशभक्ति गीतों पर झूमते युवाओं का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। नगर के साथ-साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम हथिया खेड़ा, तीसरा मील, रुखालू,सौहरका, लुहारी खादर, गंगा चोली, धौरिया, लुहारी, चकोरी और करनपुर माफी में भी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर केपी राणा , टेकचंदसिंह राणा, ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, चंद किरण सिंह राणा,यशपाल सिंह, पंकज भटनागर, मयंक अग्रवाल, संदीप गुप्ता, संजय शर्मा आदि रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व गांव के मुख्य मार्गों पर कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा का गांव में ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। क्षेत्र के गांव उधनपुर मैं ग्रामीणों द्वारा गांव स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है, श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व शनिवार को भक्तों द्वारा बड़े ही भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी, वही कलश यात्रा में डीजे पर धार्मिक धूनें बज रही थी। ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# नागपाल स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय




**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

शुक्रवार की शाम को नगर के होटल एडसन हाइट्स में आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के छात्र प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में शीघ्र ही कई नई सुविधाएं एवं आधुनिक एआई लैब्स प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय के नए हाउसेस रूबी हाउस, एमराल्ड हाउस, टोपाज हाउस एवं सैफायर हाउस की घोषणा भी की। विद्यालय के संरक्षक/ पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। बोर्ड टॉपर की विशेष ट्रॉफी मिशिका नेगी को प्रदान की गई। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' सम्मान से आरना त्रिपाठी को सम्मानित किया गया, इधर कार्यक्रम में मदर्स डे भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक समीर नागपाल, एशले नागपाल, प्रधानाचार्या निशी सिंह समेत स्टॉफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## अपात्रों को महल, गरीबों को टूटी छत

**हसनपुर।** सरकार की 'सबको आवास' योजना नगर पंचायत सैद नंगली में दावों के विपरीत नज़र आ रही है। वार्ड नंबर-1, मोहल्ला मेहंदीपुर की निवासी गुड्डी पत्नी नेपाल सिंह पिछले एक साल से जर्जर मकान और टूटी छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। शनिवार को

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि पात्रता के बावजूद उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गुड्डी ने बताया कि पिछली बारिश में उसके घर की छत गिर गई थी, तब से वह बच्चों के साथ असुरक्षित घर में रह रही है। उसका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से नौकरीपेशा और जमींदारों जैसे अपात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिए गए।

## संपादकीय

# बंगाल का 'रक्त–चरित्र'

बेशक पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' का जनादेश दिया गया है और आज पहली भाजपा सरकार शपथ ग्रहण कर रही है, लेकिन बंगाल का 'रक्त–चरित्र' नहीं बदला है। जनादेश के बाद बंगाल का 'बदलापुर' सामने है। चुनाव के बाद हिंसा, हत्या, आगजनी, तोडफ़ोड़, कब्जेबाजी और बुलडोजर सरेआम दिख रहे हैं। पांच राजनीतिक हत्याएं की जा चुकी हैं। उनमें घोर निर्मम हत्या सुवेन्दु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की है। सुवेन्दु भाजपा सरकार के भावी मुख्यमंत्री माने जा रहे हैं। गौरतलब है कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनकी घरेलू सीट 'भवानीपुर' में पराजित किया है। चंद्रनाथ राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। वायुसेना से सेवानिवृत्त थे। वह सुवेन्दु के साथ तब से कार्यरत थे, जब सुवेन्दु ममता सरकार में मंत्री थे और मुख्यमंत्री के भरोसेमंद नेता थे। हमलावरों ने चंद्रनाथ को उनके घर से 100–150 मीटर दूर ही गोलियों से भून दिया। हमलावर अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, लेकिन एसआईटी की जांच जारी है। ममता बनर्जी ने अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की है, जिसे तृणमूल नेता दोहरा रहे हैं। सुवेन्दु अधिकारी का मानना है कि हमलावरों के निशाने पर वह थे, क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया है, लेकिन उनके सहायक की हत्या कर दी गई। यह पूर्व नियोजित, साजिशाना, नृशंस हत्या है। हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल यह हत्या ही बंगाल के 'रक्तचरित्र' को बयां करती है। हालांकि चुनाव और जनादेश के बाद भाजपा कार्यकर्ता मधु मंडल और तृणमूल के कार्यकर्ता अबीर शेख की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ता को भी मारा गया है, जबकि बंगाल में कांग्रेस के अवशेष ही बचे हैं। बंगाल के कोलकाता, हावड़ा, टॉलीगंज, हुगली, बांकुरा, आसनसोल, बीरभूम, जलपाईगुड़ी से 24 परगना तक हिंसा का जो 'नंगा नाच' सामने आया है, उनके 'रक्तबीज' कौन हैं? कमोबेश बंगाल से 'भद्रलोक' का सम्मानजनक विशेषण छीन लेना चाहिए, क्योंकि अब वह मुखौटा भर है, क्योंकि राजनीतिक हिंसा और हत्याओं में बंगाल देश में शीर्ष स्थान पर है। यह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का आंकड़ा है। इस बार भी 400 से अधिक जगहों पर हिंसा, तोडफ़ोड़, आगजनी की घटनाएं हुई हैं। 200 से अधिक अप्राथमिकी दर्ज की गई हैं, 433 लोगों की गिरफ्तारियां की गई हैं और करीब 1100 लोग हिरासत में लिए गए हैं। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 2 .40 लाख जवान तैनात किए गए थे। सीएपीएफ की 500 कंपनियां और तैनात की जा रही हैं, लेकिन बंगाल का 'रक्तचरित्र' यथावत है, कोई अंकुश नहीं, कोई बदलाव नहीं। बेशक प्रधानमंत्री मोदी 'बदला नहीं, बदलाव' की अपील करते रहें। इस बार चुनाव के दौरान अपेक्षाकृत बहुत कम हिंसा हुई। हत्या कोई नहीं हुई थी, लेकिन चुनाव और जनादेश के बाद बंगाल का 'रक्तरंजित' चरित्र सामने आ गया। दरअसल बंगाल में जो 'रक्तबीज' कांग्रेस ने बोया था, उससे पैदा हिंसा की फसलों को वाममोर्चे की सत्ता के दौरान 'संस्थानगत' आकार दिया गया। तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई, तो वामदलों के गुंडे, अपराधियों ने निष्ठाएं बदल लीं और तृणमूल के साथ जुड़ गए। नतीजतन 15 साल की सत्ता के दौरान हिंसा, हत्या, दादागीरी, गुंडई और इलाकाई बदमाशी का एक 'इकोसिस्टम' तैयार हो गया। तृणमूल के गुंडे, हमलावर आज भी उसी सिस्टम की धमकियां दे रहे हैं, लिहाजा भाजपा सरकार के सामने सबसे विराट चुनौती यही है कि उस सिस्टम को प्राथमिकता के साथ कुचला जाए। अब जनादेश के बाद उन दफ्तरों को छुड़ाने के लिए उत्पात मचाए जा रहे हैं, जिन पर किसी अन्य दल ने कब्जा कर लिया था। ऐसे हमले तृणमूल के दफ्तरों पर अधिक हो रहे हैं। तृणमूल दफ्तरों पर बुलडोजर चलाने की भी खबरें हैं। बहरहाल बंगाल के 'रक्तचरित्र' के लिए ममता बनर्जी और उनके सांसद–भतीजे अभिषेक बनर्जी को माफ नहीं किया जाना चाहिए। अभिषेक ने 'जल्लाद', 'दिल्ली में बाप' और 'अमित शाह बंगाल में घुस कर दिखाए' सरीखे शब्दों और वाक्यों का जो इस्तेमाल किया था, उस पर हिंसा और हत्याओं की सुई केंद्रित क्यों न की जाए?

# बदलने होंगे भाजपा को परखने के औजार

भारतीय जनता पार्टी की बंगाल जीत ने केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों का भी ध्यान आकर्षित किया है। सभी अपने-अपने मापदण्डों पर इस चुनाव परिणाम को परख रहे हैं परन्तु पुराने ढर्रों पर चलते हुए फिर से गलती पर गलती दोहराते लगते हैं। यहां के विपक्ष की मानें तो यह एसआईआर के प्रयोग से निकला विजयमार्ग है तो विदेशी विश्लेषक फिर से जिंगल बैल जिंदल बैल की तरज पर साम्प्रदायिकता का गीत गाने लगे हैं। इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम बताते हैं कि भाजपा ने कहीं पहली बार पांव जमाए हैं, कहीं वह फिर से सत्ता में आई है तो कहीं उसने अपना जनाधार बढ़ाया है। अगर केरल जैसे राज्य में वामपंथी दलों को भाजपा के प्रभाव के डर से अयप्पा के दर्शन करने पड़ें, भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से बंजर कहे जाने वाले बंगाल में कमल की फसल लहलाने लगे, द्रविड़ राजनीति के केंद्र तमिलनाडू में उसकी आहट सुनने लगे यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि विरोधी इस दल को गलत औजारों से परख रहे हैं। विरोधी भूलते हैं कि देश का मतदाता मदिहीन नहीं है, वह सुशासन व विकास को अपनी पसंद बनाता जा रहा है। अगर कोई दल संविधान के अनुरूप काम करते हुए जनता की पसंद बन रहा है तो विरोधियों को भी अपनी सोच बदलनी होगी।

भाजपा केंद्र और बहुत से राज्यों में वर्षों से शासन में है। अंधविरोध के चरम पर जा कर भी शासन व संवैधानिक व्यवस्था के किसी मान्य मापदण्ड पर विपक्ष अभी तक ऐसा कोई मुद्दा तराश नहीं पाया है जो जनता को भी मान्य हो। यहां तक कि प्रधानमंत्री कई बार चुटकी ले चुके हैं कि सार्वजनिक जीवन में विपक्ष उनकी कोई तथ्यात्मक आलोचना करने में असफल रहा है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता तक पहुंचते ही वैश्विक वैचारिक गलियारों में भी बेचैनी पैदा हो गई है। विदेशी मीडिया के बड़े हिस्से ने भारत में लोकतंत्र, अल्पसंख्यक अधिकार और चुनावी निष्पक्षता पर अचानक सवाल उठाने शुरू कर दिए। बीबीसी, न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन और अल जजीरा जैसे मंचों पर फिर से यह विमर्श तेजी से गढ़ा जाने लगा कि भारत हिन्दू राष्ट्रवाद की ऐसी दिशा में बढ़ रहा है,



जहां लोकतंत्र व बहुलता खतरे में है। विदेशी मीडिया में ज्यादा चर्चा बंगाल की है। सवाल यही है कि क्या चिंता वास्तव में लोकतंत्र की है या उस सियासी बदलाव की, जिसने दशकों पुराने वामपंथ और छद्मधर्मनिरपेक्षता के वैचारिक गढ़ को ध्वस्त कर दिया? जब भाजपा हारती है, तो विदेशी मीडिया भारत की लोकतांत्रिक परिपक्वता की तारीफ करता है, पर जैसे ही वह निर्णायक जनादेश लेकर आती है, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया संदेह और संस्थागत संकट की भाषा में बदल जाती है। श्रेष्ठभावना से ग्रसित पश्चिमी जगत कहीं यह तो नहीं मानता कि भारतीय मतदाताओं में राजनीतिक समझ का अभाव है?

राष्ट्रवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर अनेक विचारक स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत का राष्ट्रवाद संकीर्ण पश्चिमी राष्ट्रवाद से सर्वदा विपरीत है। पश्चिमी मीडिया भारत को अक्सर यूरोपीय राजनीतिक अनुभवों के चश्मे से देखने की कोशिश करता है। वहां राष्ट्रवाद का अर्थ सत्ता विस्तार व नस्लीय वर्चस्व रहा है। जबकि भारत में राष्ट्रवाद सांस्कृतिक, सभ्यतागत पहचान और ऐतिहासिक आत्मबोध से जुड़ा है। इसे विदेशी मीडिया समझ नहीं पाता। इसीलिए वो हमारे सांस्कृतिक पुनर्जागरण को सीधे अल्पसंख्यक-बहुसंख्यकवाद से जोड़ देता है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा की जीत को पश्चिम के विश्लेषकों ने लोकतांत्रिक परिवर्तन के बजाय हिंदू राष्ट्रवादी कब्जे की तरह प्रस्तुत किया गया। एसआईआर पर अर्धसत्य दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिणामों के बाद वोट चोरी का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को भाजपा का आयोग बताया। विदेशी मीडिया ने इन आरोपों को लगभग बिना तथ्य जांचे ही अपने विमर्श का आधार बना लिया। विशेष रूप से एसआईआर को मुस्लिम मतदाताओं को हटाने की साजिश के रूप में पेश किया गया, जबकि हटाए गए 91 लाख नामों में 63 प्रतिशत हिंदू मतदाता थे। बड़ी संख्या में नाम मृत, डुप्लिकेट, स्थायी रूप से स्थानांतरित या फर्जी पाए गए थे। इसके बावजूद विदेशी मीडिया के बड़े हिस्से ने केवल मुस्लिम वोट हटाए गए वाली जिद को प्रमुखता दी।

देसी-विदेशी विश्लेषक यह भूल गए कि जिन 20 सीटों पर जाँच के बाद सबसे ज्यादा वोट काटे गए थे, उनमें से ज्यादातर पर टीएमसी ने ही कब्जा जमाया है। इन सीटों में समशेरगंज, लालगोला, भगवानगोला, रघुनाथगंज, मटियाबुर्ज, सूती, मोथाबाड़ी, गोलपोखर, मालतीपुर, चोपड़ा, सुजापुर, राजारहाट न्यू टाउन और बशीरहाट उत्तर शामिल हैं। इन सभी 13 सीटों पर ममता बनर्जी की पार्टी को जीत मिली है। अन्य सीटों की बात करें तो फरक्का सीट पर सबसे ज्यादा 38,222 वोट काटे गए थे, लेकिन वहाँ से कॉन्ग्रेस ने जीत दर्ज की। वहीं भाजपा को जंगीपुर, रतुआ, करनदिघी, केतुग्राम, मानिकचक और मोंतेश्वर जैसी 6 सीटों पर जीत मिली। यह अकेला आँकड़ा ही उस प्रोपेगेंडा की हवा निकाल देता है जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि वोटर लिस्ट में सुधार से सिर्फ टीएमसी को नुकसान हुआ और भाजपा को फायदा पहुँचा।

अगर बड़े पैमाने पर देखें, तो जिन 187 सीटों पर 5,000 से ज्यादा वोटर्स के नाम काटे गए थे, वहां भाजपा ने 119 और टीएमसी ने 65 सीटों पर जीत दर्ज की। इन 187 सीटों में से 47 सीटें ऐसी थीं, जहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। भाजपा ने जो 119 सीटें जीतीं, उनमें से 28 सीटों पर जीत का अंतर कटे हुए वोटों से कम था। इन आँकड़ों से साफ है कि कई सीटों पर कांटे की टक्कर थी और वहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के मार्जिन से ज्यादा रही। लेकिन हार का पूरा ठीकरा सिर्फ वोटर लिस्ट सुधार की प्रक्रिया पर फोड़ देना और इसे ही हार की एकमात्र वजह बताना पूरी तरह से भ्रामक और गलत है।

सच्चाई यह है कि देसी-विदेशी विश्लेषकों को नरेंद्र मोदी और भाजपा का बढ़ता राजनीतिक विस्तार विदेशी वैचारिक प्रतिष्ठानों की सबसे बड़ी बेचैनी बन चुका है। खास कर उन क्षेत्रों में यह जलन ज्यादा है जो 2024 के आम चुनावों में कांग्रेस को मिली थोड़ी राजनीतिक राहत को लेकर उत्साहित चला आरहा था। आज भाजपा अधिकांश राज्यों में प्रत्यक्ष या गठबंधन के जरिए सत्ता में है। ऐसे में भारत को हिन्दू राष्ट्रवादी लोकतंत्र और एकदलीय प्रभुत्व के खांचे में फिट करने की कोशिशें और तेज होती दिख रही हैं। परंतु बंगाल का फैसला यह भी साबित करता है कि भारत का मतदाता अपनी प्राथमिकताएं जमीन, अनुभव और आकांक्षाओं के आधार पर तय कर रहा है, न कि न्यूयॉर्क, लंदन या दोहा में बैठे नैरेटिव निर्माताओं की वैचारिक दृष्टि के अनुसार। विदेशी विश्लेषणों में बंगाल के चुनावी परिणाम को हिन्दुत्व के उभार के रंग में रंग दिया। लेकिन वहां की जनता की नाराजगी, आर्थिक बदहाली, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीडन, सत्ताधारियों की हिंसा, उद्योगों का पलायन जैसे कारणों की अनदेखी कर गया। आज बंगाल पर कर्ज 7.7 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुका है। हजारों कंपनियां राज्य छोड़ चुकी हैं। युवाओं का बड़ा वर्ग रोजगार के लिए पलायन कर रहा है। महानगरों में घरों में काम करने वाली अधिकतर महिलाएं बंगाली ही निकलती हैं।

# वैचारिक बदलाव का संकेत है बंगाल में सत्ता परिवर्तन

पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग-संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के "सांस्कृतिक पुनर्जागरण" के रूप में देख रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में "बंगाली अस्मिता" और "हिंदू पहचान" के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। "वंदे मातरम्" का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह



केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुर्गापूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ।

पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन- इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था। अनेक लोगों को यह लगने लगा कि राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता का अभाव है। भाजपा ने इसी भावना को राजनीतिक रूप दिया। उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसकी राजनीति केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि "सांस्कृतिक सुरक्षा" स्थापित करने की राजनीति है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के दौरान "जय श्रीराम" जैसे नारे केवल धार्मिक उद्घोष नहीं रहे, बल्कि वे एक प्रकार के राजनीतिक प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बन गए।

इस चुनाव में हिंदी भाषी मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में हिंदी भाषी समाज का प्रभाव बढ़ा है। यह वर्ग लंबे समय से स्वयं को राजनीतिक रूप से उपेक्षित महसूस करता रहा था। भाजपा ने इस वर्ग को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि इस चुनाव को केवल "हिंदी बनाम बंगाली" के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। वस्तुतः भाजपा ने हिंदी भाषी और स्थानीय हिंदू समाज के बीच एक वैचारिक सेतु बनाने का प्रयास किया। उसने यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर है। यही कारण है कि बंगाल के अनेक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल कभी वामपंथ का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। वर्ग-संघर्ष, श्रमिक राजनीति

# क्या बुद्धिजीवी आएंगे चुनाव में

नगर निगम चुनावों में सत्ता के पक्ष और विपक्ष के कद का मुकाबला आहूत है। प्रथम कदम उठाती भाजपा ने परिदृश्य को विस्तार देते हुए चुनाव को इतना महत्त्वपूर्ण बना दिया कि अब कांग्रेस ने नगरों के चूल्हे चौंके पर तमाम हमाम चढ़ा दिए हैं। ऐसे में छावनी बन गए नगर निगम हिमाचल की सियासत को नए प्रयोगों की जमीन बना कर ही छोड़ेंगे। यह इसलिए भी कि कुछ निर्दलीय वोटों को बटोरने की क्षमता में, दोनों प्रमुख दलों की कोशिशों को बट्टा लगा सकते हैं या अंतर्विरोध की तालिका में सपने बिगाड़ सकते हैं। सियासत सुर पकडऩे की कोशिश में आमने सामने है, तो चुनाव के कोरिडोर में सिर धड़ की बाजी सामने आ रही है। जाहिर है चुनाव पूरी तरह राजनीति में रंगे हैं, तो प्रचार की सामग्री में धब्बे और कीचड़ ही उछलेगा। खैर पालमपुर, मंडी, धर्मशाला व सोलन की जनता के सामने अपनी राजनीतिक-सामाजिक जागरूकता दर्ज कराने का अवसर भी तो है। राज्य की चिंताएं शहरों के वजूद से निकलेंगी तो राज्यस्तरीय खाकों में योजनाओं की जरूरत बढ़ेगी। शहर वे भी हैं जहां नगरपरिषदें या पंचायतें हैं, लेकिन निगमों के प्रारूप में हिमाचल क्या सोचता, यह इम्तिहान जरूरी है। सामाजिक तौर पर बुद्धिजीवी वर्ग की राजनीतिक या लोकतांत्रिक उदासीनता अगर यूं ही जारी रही, तो पार्षदों के रूप में हमें केवल कुछ सियासी खंभे ही मिलेंगे। देखना यह भी होगा कि चुनावी वादों का मानचित्र क्या बनता है और कितनी इच्छाशक्ति से पार्टियां अपने संकल्प पत्र तैयार करती हैं।

विडंबना यह है कि शहरी सोच ने आर्थिक घरौंदे बना कर सारी व्यवस्था को उलट पलट दिया है। सोलन की अपनी शहरी दृष्टि पर चढ़ा नकाब यह देख ही नहीं पाता कि कल की हरी भरी पहाडियां आज सीमेंट के बुर्ज बन गई हैं। पालमपुर ने छीन लिए चाय के बागीचे और अब साथ लगती पहाडियों पर पर्यटन के नाम पर इन्हें छीलने का काम जारी है। धर्मशाला अपने अस्तित्व की बुलंद तस्वीर बनाते मकलोडगंज को 'मैलागंज' बना चुका है तो आर्थिक तरक्की का सूरमा बन कर लैंड माफिया राज कर रहा है। मंडी का संघर्ष अपनी ही सांस्कृतिक विरासत है, लेकिन जिक्र यह कि भाजपा इसे अपनी सियासत का चश्मदीद गवाह बनाना चाहती है। क्या हम मंडी को सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा देने के लिए ये चुनाव लड़ेंगे। क्या सोलन को सुरक्षित अपार्टमेंट सिटी का खिताब हासिल करने का शोर ये चुनाव उठाएंगे। क्या पालमपुर अपने भीतर के 'पलम' को जिंदा रखते हुए चाय और कूहलों में बहते पानी को जिंदा रखने का चुनावी एहसास कराएगा या भीड़ के आलम में हम एक गिनती का बड़ा शहर बन जाएंगे।

# इस्तीफा नहीं दूंगा छिलकों की छाबड़ी

जो करना है कर लोजो पेड़ उखाडऩा हैउखाड़ लोजो रिजल्ट दिखाना है दिखा लो मैं इस्तीफा नहीं दूंगा! इस्तीफे की ऐसी की तैसी! यह भी कोई चुनाव हुआ भला? ना मेरी सुनी गई, ना मेरे समर्थकों की सुनी गई। मेरी कुर्सी पर कब्जा करने की साजिश रची गई। लोकतंत्र के इस महान मेले में जनता ने फिर वही गलती कर दी- वोट डाल दिए। अब जनता को कौन समझाए कि वोट डालना और सही जगह डालना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। जनता भावुक प्राणी है। कभी गैस सिलेंडर देखकर पिघल जाती है, कभी मुफ्त की बिजली पर मुस्कुरा देती है, और कभी पांच साल पुरानी सडक़ पर नया डामर देखकर विकास का जयघोष करने लगती है। मैंने तो साफ कहा था- 'भाइयो-बहनो, विकास मैं हूं, व्यवस्था मैं हूं, अनुभव मैं हूं, और अगर मैं नहीं तो फिर अराजकता है।' लेकिन जनता को शायद स्थिरता से एलर्जी है। उन्हें हर बार नया चेहरा चाहिए, जैसे राजनीति नहीं, मोबाइल का मॉडल खरीद रहे हों। मेरे विरोधी कहते हैं कि मैं कुर्सी से चिपका हुआ हूं। अरे भाई, चिपका




नहीं हूं, समर्पित हूं! यह कुर्सी मेरे लिए सिर्फ फर्नीचर नहीं, तपस्या का परिणाम है। कितने धरने, कितनी रैलियां, कितने पोस्टर, कितने झूठे वादे और कितने सच्चे समझौते करने पड़े हैं, तब जाकर यह कुर्सी मिली है। क्या यह इतनी सस्ती चीज है कि हारते ही छोड़ दूं? जनता को लगता है कि नेता हार गया तो उसे नैतिकता दिखानी चाहिए। नैतिकता! राजनीति में यह शब्द वैसे ही लगता है जैसे मिठाई की दुकान पर शुगर फ्री का बोर्ड। दिखाने के लिए अच्छा, खाने में बेकार।

मेरे सलाहकार ने कहा- 'सर, माहौल खराब है, इस्तीफा दे दीजिए, सम्मान बच जाएगा।' मैंने कहा- 'सम्मान? राजनीति में? तुम नए लगते हो!' यहां तो लोग आरोपों को उपलब्धि मानते हैं। जितने ज्यादा घोटाले, उतनी बड़ी हैसियत। जितनी लंबी जांच, उतनी मजबूत छवि। जेल यात्रा तो अब राजनीतिक तीर्थयात्रा मानी जाती है। ऐसे पवित्र माहौल में तुम मुझसे इस्तीफे की बात कर रहे हो! मीडिया भी बड़ा निर्दयी है। कल तक वही चैनल मुझे 'जनता का मसीहा' बता रहे थे, आज वही 'कुर्सी का लालची' कह रहे हैं। एंकर ऐसे चिल्ला रहे हैं जैसे मेरी हार से उनका निजी निवेश डूब गया हो। एक ने तो बहस में पूछ लिया- 'क्या आप नैतिक आधार पर इस्तीफा देंगे?' मैंने कहा- 'पहले आप नैतिक आधार पर चिल्लाना बंद कीजिए।' मेरा ड्राइवर तक सलाह देने लगा- 'साहब, अब तो छोड़ दीजिए।' मैंने उससे कहा- 'तू गाड़ी चला। देश मैं चलाऊंगा।' असल समस्या यह है कि जनता नेता को इनसान नहीं, एटीएम समझती है। चुनाव के समय सबको याद आता है- किसी को नौकरी चाहिए, किसी को ठेका, किसी को ट्रांसफर, किसी को पड़ोसी पर एफआईआर। और जब काम न हो तो वही आदमी कहता है- 'नेता भ्रष्ट है।' भ्रष्टाचार भी बड़ा दिलचस्प शब्द है।

# वैश्विक औसत से बहुत दूर है सत्ता में महिलाओं की भागीदारी

संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का बिल गिरने के साथ ही देश में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के माध्यम से महिलाओं से माफी मांगी है तो दूसरी और विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी जीत और सरकार की हार बताई है। हांलाकि विपक्ष यह भी कह रहा है कि उनका विरोध सीटों के परिसीमन से अधिक है।

खैर यह अलग बहस का विषय हो सकता है। पर एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सत्ता में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामलें में हम दुनिया के देशों से अभी काफी पीछे चल रहे हैं। दुनिया के 190 देशों के आंकड़ों का विष्लेषण करे तो हमारे देश का स्थान 147 वां आता है। दुनिया के देशों में सत्ता



में महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो वैश्विक स्तर औसत 27.5 फीसदी है। 30 महिला राष्ट्राध्यक्ष महिलाएं है तो दुनिया के केवल 8 देश ही ऐसे हैं जहां महिलाओं की भागीदारी 50 फीसदी से अधिक है। रवांडा, क्यूबा, निकारागुआ, कोस्टारिका, बोलिविया, मैक्सिको, एंडोरा और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड 45 से 50 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज हम महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कर रहे हैं वहीं इस समय दुनिया के 56 देश ऐसे हैं जहां सत्ता में महिलाओं का 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनावों में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है।

2024 के लोकसभा चुनावों में भी 19 राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की। बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी और करने की रही है, यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहे या महिलाओं को आगे लाने की कितनी भी बात करें पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक महिलाओं की बढ़ नहीं पाई है।

## एक नजर

### वृद्धावस्था पेंशन देने में जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया प्रदेश में आगे

**लखनऊ।** प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान में 29 .23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही है। इसमें जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया जिले अग्रणी हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और निराश्रित महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे खातों में पहुंच रहे हैं, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को दवा, राशन और अन्य जरूरतों में राहत मिल रही है। जिलावार आंकड़ों में जौनपुर पहले स्थान पर है, जहां 1,00,820 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आजमगढ़ में 86,166 और बलिया में 79,160 महिलाएं योजना से जुड़ी हैं।

### लेडीबर्ड बीटल से कीटों पर लगेगी लगाम, लविवि करेगा शोध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में अब कृषि में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक कीटनाशकों के विकल्प पर शोध किया जाएगा। प्रदेश सरकार के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत इस परियोजना के लिए चार लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। शोध में लेडीबर्ड बीटल के प्राकृतिक रासायनिक संकेतों का उपयोग कर हानिकारक कीटों के नियंत्रण की संभावनाओं का अध्ययन होगा। शोध का मुख्य फोकस लेडीबर्ड बीटल के "नॉन-कंजम्पटिव प्रभावों" पर रहेगा। लेडीबर्ड बीटल सामान्यतः माहू या लाही जैसे कीटों का शिकार करती है। वैज्ञानिक अब यह समझने का प्रयास करेंगे कि लेडीबर्ड के रासायनिक अवशेष और गंध एफिड्स के व्यवहार, भोजन ग्रहण करने की प्रवृत्ति, विकास और प्रजनन दर को किस तरह प्रभावित करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, लेडीबर्ड की उपस्थिति से पैदा होने वाला "भय का मनोविज्ञान" हानिकारक कीटों को फसलों से दूर रखने और उनकी आबादी सीमित करने में प्रभावी हो सकता है।

# अखिलेश यादव बोले- हम भाजपा को ईवीएम से ही हराएंगे

## चुनाव में इनसे ज्यादा पैसा कोई और पार्टी खर्च नहीं करती

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के पास जनता के लिए कोई काम नहीं है और वह सिर्फ लोगों के बीच झगड़े कराने की राजनीति कर रही है। उनके बयान के बाद प्रदेश की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है।

अखिलेश यादव ने लखनऊ के सपा कार्यालय में शनिवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई काम नहीं है, ये लोग नकारात्मकता फैलाते हैं, एक-दूसरे में झगड़ा लड़वाते हैं। इसके अलावा इनके पास कोई काम हो तो बताएं। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का अवकाश दिया जाएगा। गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। प्रतिमा में चेतक और भाला सोने का होगा।

प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जो लोग जीरो टॉलरेंस की बात करते थे, उन्होंने ही लॉ एंड ऑर्डर को जीरो कर दिया है। एनसीआरबी के आंकड़े खुद सरकार की नाकामी की गवाही दे रहे हैं।

समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से "मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया" के खिलाफ मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग फॉर्म-7 भरकर समाजवादी पार्टी के वोट कटवाने का काम कर रहे थे।

ईवीएम के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यूके में हाल ही में बैलेट पेपर से चुनाव हुए हैं। सवाल उठाया कि क्या भारत इंग्लैंड से आगे है। समाजवादी पार्टी ईवीएम से ही भाजपा को हराएगी। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कानपुर में पड़े छापे को समाजवादी पार्टी से जोड़कर प्रचारित किया गया था। अब पार्टी उस जब्त पैसे को वापस मांग रही है, लेकिन सरकार उसे लौटाने को तैयार नहीं है।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही गर्मी ने दिखाए तेवर, झांसी में तापमान 40 पार

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाद अब पश्चिम में भी मौसम शुष्क होगा और तापमान बढ़ेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रविवार से बूंदाबांदी और बारिश के पूरी तरह से थमने के आसार हैं।

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही गर्मी अब अपना असर दिखाने लगी है। शनिवार को प्रदेश में झांसी सबसे गर्म जिला दर्ज किया गया जहां तापमान 40 डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाद अब पश्चिम में भी रविवार से मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रविवार से बूंदाबांदी और बारिश के पूरी तरह से थमने के आसार हैं। इसके बाद यहां भी मौसम शुष्क होने के साथ तापमान बढ़ने लगेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कई जिलों में शनिवार को तापमान में आंशिक कमी भी दर्ज की गई तो कई जगह तापमान में बढ़ोतरी भी हुई।

उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के दौरान तापमान में 6-8 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। तापमान में यह बढ़ोतरी 42 से 44 डिग्री तक जा सकती है। कुल मिलाकर तापमान बढ़ने के साथ गर्मी का असर भी बढ़ेगा। लेकिन लू जैसी संभावना नजर नहीं आ रही है।

शनिवार को प्रदेश में झांसी में सबसे अधिक 40.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रयागराज और बांदा में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री, हमीरपुर में 38.2 और उरई में 37.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# उत्तर प्रदेश में कल होगा मंत्रिमंडल विस्तार सीएम योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रहा कयासों का दौर अब खत्म हो गया है। यूपी में कल मंत्रिमंडल विस्तार होगा। रविवार शाम को साढ़े तीन बजे जनभवन में छह नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, कई मंत्रियों के भी विभाग भी बदले जा सकते हैं।

इससे पहले शनिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की और उन्हें नेताओं की सूची सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा पुस्तक भी भेंट की।

दरअसल, यूपी में फिलहाल 54 मंत्री हैं। छह मंत्रियों की जगह खाली है। यहां पर कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिन छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है।

बीते अप्रैल महीने में भी मंत्रिमंडल विस्तार के दावे किए जा रहे थे। खबरों के अनुसार, प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही संगठन में भी फेरबदल किए जाएंगे।

# इंसेफेलाइटिस पर बड़ी जीत, इस साल नहीं हुई एक भी मौत

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एईएस और जापानी इंसेफेलाइटिस पर बड़ी सफलता मिली है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस साल अब तक इन बीमारियों से एक भी मौत नहीं हुई। गोरखपुर मॉडल के तहत समय पर जांच, इलाज और जागरूकता अभियान से मरीजों की संख्या और मृत्यु दर में भारी कमी आई है।

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने एईएस (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम) और जेई (जापानी इंसेफेलाइटिस) पर बड़ी हद तक नियंत्रण पाने का दावा किया है। इस साल अब तक इन दोनों बीमारियों से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है। यानी केस फैटेलिटी रेट (सीएफआर) शून्य हो गया है। कुछ जगहों पर मरीज मिले भी हैं, लेकिन समय पर इलाज मिलने से वे ठीक हो गए।

प्रदेश में राष्ट्रीय वेक्ट बॉर्न डिजीज नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए एईएस और जेई को पूरी तरह से खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2017 तक एईएस और जेई से बड़ी संख्या में मौतें होती थीं।

उस समय एईएस का सीएफआर 13.9 प्रतिशत और जेई का 13.4 प्रतिशत था। लगातार निगरानी, समय पर जांच और इलाज की बेहतर व्यवस्था से अब इन बीमारियों पर करीब 95 प्रतिशत तक नियंत्रण पा लिया गया है।

वर्ष 2023 में एईएस के 300 मरीज मिले थे और सीएफआर 0.6 प्रतिशत था जबकि 2025 में यह संख्या करीब 150 रह गई। इस साल अब तक सिर्फ 35 मरीज मिले हैं। वहीं, जेई के 2025 में 10 मरीज मिले थे, जबकि इस साल अब तक केवल तीन मामले सामने आए हैं।

वहीं, दोनों बीमारियों में सीएफआर शून्य हो गया है। अब स्वास्थ्य विभाग एईएस-जेई नियंत्रण के गोरखपुर मॉडल को न सिर्फ अन्य मंडलों में अपनाया जा रहा है बल्कि दस्तक अभियान में मलेरिया, टीबी, कुष्ठरोग सहित अन्य बीमारियों को भी शामिल कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पहले एईएस और जेई के मरीजों को सीधे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया जाता था। इससे मेडिकल कॉलेज पर मरीजों का दबाव बढ़ जाता था और कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते थे। सबसे ज्यादा प्रभावित गोरखपुर मंडल में इसके बाद विशेष रणनीति लागू की गई। स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाकर पंचायत, नगर निगम, पशुपालन समेत 12 विभागों की संयुक्त टीम बनाई गई। हर विभाग की जिम्मेदारी तय की गई। स्कूलों में एक-एक शिक्षक को हेल्थ इंस्ट्रक्टर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। किसी बच्चे को बुखार आने पर तुरंत आशा और एएनएम के जरिए उसे अस्पताल पहुंचाया जाने लगा। लक्षणों के आधार पर तत्काल जांच शुरू की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर (ईटीसी) और पीआईसीयू की

# आईटीआई: प्रवेश नियमों में बड़ा बदलाव, अब 10वीं पास छात्र भी सभी ट्रेड में कर सकेंगे आवेदन

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आईटीआई में प्रवेश नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। अब 10वीं पास छात्र भी सभी ट्रेड में आवेदन कर सकेंगे। पहले यह सुविधा केवल 8वीं पास छात्रों को थी। नई व्यवस्था के तहत मेरिट के आधार पर सीट आवंटन होगा और छात्र एक से अधिक ट्रेड के लिए भी आवेदन कर सकेंगे।

प्रदेश की 3300 से अधिक राजकीय, निजी व पीपीपी मॉडल की आईटीआई में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग प्रवेश नियमों में व्यापक बदलाव कर रहा है। इसके तहत 10वीं पास छात्र अब किसी भी ट्रेड के लिए आवेदन कर सकेंगे, जो पहले संभव नहीं था। अब तक 8वीं व 10वीं पास छात्रों के लिए अलग-अलग ट्रेड निर्धारित थे। 8वीं पास छात्र सभी ट्रेड में आवेदन करते थे, लेकिन 10वीं पास के लिए यह सुविधा नहीं थी। विभाग ने यह व्यवस्था समाप्त कर दी है। अब 8वीं व 10वीं पास दोनों ही छात्र सभी ट्रेड में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के समय उन्हें अपनी कक्षा में प्राप्त नंबर अपलोड करने होंगे। इन नंबरों के आधार पर विभाग मेरिट सूची तैयार करेगा। छात्रों को मेरिट के अनुसार ही सीटें आवंटित की जाएंगी। अभ्यर्थी एक से अधिक ट्रेड के लिए भी आवेदन कर सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर विकल्प मिल सकें। पहले चरण में मिली सीट पर अभ्यर्थी आगे की प्रक्रिया पूरी करेंगे। विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, यदि कोई अभ्यर्थी 8वीं व 10वीं शैक्षिक योग्यता वाली ट्रेड में प्रवेश के लिए आवेदन करता है और उसे दोनों में सीट मिल जाती है, तो वह जिस आईटीआई व ट्रेड में पहले प्रवेश लेगा, उसी में वह दूसरे, तीसरे व आगे की चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेगा।

# स्वास्थ्य लाभ के बाद बोले अजय राय- 'जनसेवा का संकल्प और मजबूत हुआ'

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने स्वास्थ्य लाभ के बाद सक्रिय राजनीति और जनसेवा के कार्यों में वापसी कर ली है। उन्होने कहा कि प्रदेशवासियों की दुआओं और बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से वह पूरी तरह स्वस्थ होकर पुनः कांग्रेस मुख्यालय पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान उन्हें प्रदेशभर से अपार स्नेह, शुभकामनाएं और समर्थन मिला, जिसने उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया।

अजय राय ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यालय पहुंचने पर साथियों और समर्थकों का उत्साह देखकर वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की आंखों में आए खुशी के आंसू कार्यकर्ताओं के इसी प्रेम और विश्वास का प्रमाण हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं का अटूट भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और यही ताकत उन्हें लगातार संघर्ष के लिए प्रेरित करती है।

अजय राय ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की सड़कों पर न्याय और जनहित की आवाज पहले से अधिक मजबूती और प्रखरता के साथ गूंजेगी। उन्होंने संकेत दिए कि कांग्रेस आने वाले समय में जनता के मुद्दों को लेकर और अधिक आक्रामक तरीके से मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है।

# दानिश अंसारी का बड़ा बयान, कहा- बंगाल में भी 'योगी मॉडल' से टूटेगी अपराधियों की कमर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अब बंगाल में भी 'योगी मॉडल' के जरिए कानून का राज स्थापित होगा और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राज्य में सुशासन के नए दौर की शुरुआत हो चुकी है। भाजपा नेता सुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उन्हें भगवा पटका पहनाना केवल एक सांस्कृतिक प्रतीक नहीं, बल्कि सुशासन और राष्ट्रवाद के नए संकल्प का संदेश है।

दानिश अंसारी ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया, उसी तरह अब पश्चिम बंगाल में भी विकास और सुरक्षा का नया मॉडल लागू होगा। उन्होंने कहा कि भगवा अब बंगाल में सुशासन और विकास की नई पहचान बनेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने अपने शासनकाल में हिंदू और मुस्लिम समाज के बीच खाई पैदा करने का काम किया। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण राज्य में सामाजिक विभाजन बढ़ा और आम जनता को अत्याचार तथा भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ा।

राज्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी अपराध, दंगे, भ्रष्टाचार और माफियाओं का बोलबाला था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में व्यापक बदलाव आया। अब उसी परिवर्तन की हवा पश्चिम बंगाल में भी दिखाई दे रही दानिश अंसारी ने कहा कि मुस्लिम समाज को तुष्टिकरण नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने मुस्लिम समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा और केवल राजनीतिक लाभ के लिए उनका इस्तेमाल किया।

# लखनऊ में गोमती बैराज का होगा कायाकल्प

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित गोमती बैराज को आधुनिक और मॉडल बैराज सिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने बैराज के पुराने और क्षतिग्रस्त वर्टिकल गेटों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है। इस परियोजना के पूरा होने से राजधानी की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत होगी। साथ ही जल सुरक्षा, बाढ़ नियंत्रण और पर्यावरणीय संतुलन को भी नई तकनीक के जरिए बेहतर बनाया जा सकेगा।

सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग ने बताया कि वर्ष 1980 से 1983 के बीच निर्मित गोमती बैराज लंबे समय से राजधानी की जलापूर्ति व्यवस्था की रीढ़ बना हुआ है। यह बैराज कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन पर 105.6 मीटर जलस्तर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे लाखों लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होती है। बरसात के दौरान यह गोमती नदी के प्रवाह को नियंत्रित कर शहर को बाढ़ जैसी स्थिति से भी बचाता है।

उन्होंने बताया कि समय के साथ नदी के पानी की गुणवत्ता और लगातार उपयोग के कारण बैराज के गेटों में जैविक और रासायनिक क्षरण बढ़ गया था, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेटों को चरणबद्ध तरीके से बदलने के निर्देश दिए थे। इसके तहत वर्ष 2024 में दो गेट बदले गए, जबकि 2025 में चार और गेटों का प्रतिस्थापन किया गया। शेष चार गेटों के निर्माण और स्थापना का कार्य अब अंतिम चरण में तेजी से चल रहा है।

आयोजन — कहा- 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है खेल

# बैडमिंटन क्लस्टर चैंपियनशिप का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर चैंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा, "उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जहां 25 करोड़ से अधिक जनसंख्या निवास करती है। इसमें 56 प्रतिशत आबादी युवा वर्ग यानी वर्किंग फोर्स है। जनसंख्या जितनी स्वस्थ और फिट होगी, उतने ही बेहतर परिणाम राज्य और देश को मिलेंगे।" यह प्रतियोगिता बाबू बनारसी दास यू.पी. बैडमिंटन अकादमी में आयोजित किया गया है।

योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में परंपरागत विचार को उद्धृत करते हुए कहा, 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' अर्थात् स्वस्थ शरीर ही सभी कार्यों और धर्म का आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलकूद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। खेल के मैदान में खिलाड़ी जो अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण सीखता है, वही गुण उसे राष्ट्र को सशक्त, सुरक्षित और विकसित बनाने वाली मजबूत कड़ी बनाते हैं।

सीएम ने कहा, "हर मेडल के पीछे संघर्ष की एक कहानी होती है। टैलेंट सिर्फ शुरुआत देता है, लेकिन मेहनत और पसीना ही हमें लक्ष्य तक पहुंचाता है। खेल हमें गिरना, उठना और फिर से जीतना सिखाता है।" उन्होंने आगे कहा कि 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने में खेल आज सशक्त माध्यम बन गया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों ने गांव-देहात के अंतिम खिलाड़ी को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया है।

इसी का परिणाम है कि आज भारत ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप में पहले से कहीं अधिक भागीदारी और सफलता हासिल कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य में खिलाड़ियों के लिए सीधी भर्ती, पदोन्नति और नकद पुरस्कार की पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे सम्मानजनक करियर बना सकें।

# लखनऊ से नोएडा अब सिर्फ एक घंटे में, 15 जून से शुरू होगी सीधी फ्लाइट

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ से नोएडा के बीच 15 जून से सीधी फ्लाइट सेवा शुरू होने जा रही है। यह सफर करीब एक घंटे में पूरा होगा। नई सेवा शुरू होने से यात्रियों को दिल्ली होकर नोएडा जाने की परेशानी और अतिरिक्त खर्च से राहत मिलेगी। सामान्य दिनों में किराया पांच से सात हजार रुपये के बीच रहने की संभावना है।

लखनऊ से नोएडा के लिए सीधी उड़ान की सौगात जून में मिलेगी। यह एक घंटे में सफर पूरा करेगी। 15 जून को स्पेशल उद्घाटन फ्लाइट रवाना होगी। इंडिगो ने दैनिक शेड्यूल जारी कर दिया है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से इंडिगो की नोएडा के लिए सीधी उड़ान सुबह है। वापसी की फ्लाइट शाम की है। 15 जून को इंडिगो एयरलाइंस का विमान 6ई-2278 सुबह 7:05 बजे उड़ान भरकर 8:05 बजे नोएडा एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इसका किराया 7697 रुपये चल रहा है। जेवर एयरपोर्ट से विमान 6ई-2279 शाम 6:55 बजे रवाना होकर रात आठ बजे अमौसी एयरपोर्ट पर उतरेगा। इसका किराया 6556 रुपये चल रहा है। इंडिगो से जुड़े सूत्रों की मानें तो 15 जून को स्पेशल सेवा के बाद नियमित उड़ान शुरू हो जाएगी। सप्ताह के सातों दिन इस सेवा को शुरू किया जा सकता है। किराया पांच से सात हजार रुपये के बीच रखने की तैयारी है।

# जहानाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन: 12 लाख की नशीली गोलियों के साथ 3 तस्कर दबोचे

## ज़िले भर में नशीली गोलियों का धंधा ज़ोरो पर

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीली गोलियों के तस्कर। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 12 लाख रुपये कीमत की प्रतिबंधित अल्प्राजोलम गोलियों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नशीली दवाएं, नकदी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और दो कारें बरामद की हैं।

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अकबरगंज स्थित गीता पेट्रोल पंप के पास दो कारों में कुछ संदिग्ध लोग आपस में पैसों और सामान का लेनदेन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को घेर लिया। तलाशी के दौरान कारों में रखे कार्टनों से करीब 1.20 लाख अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुईं। बाजार में इनकी कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस की गिरफ्त में लखविंदर सिंह निवासी पाली, राजस्थान, ओमकार मिश्रा निवासी पलिया कलां, फुरकान निवासी अमरिया आ गए। उनके पास से 1.20 लाख अल्प्राजोलम टैबलेट, 54,550 रुपये नकद, 3 मोबाइल फोन, 8 एटीएम कार्ड, दो कारें पुलिस ने पकड़ीं। पूछताछ में सामने आया कि अल्प्राजोलम जैसी दवाएं केवल डॉक्टर के पर्चे पर बेची जा सकती हैं, लेकिन आरोपी इन्हें अवैध रूप से सप्लाई कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि लखीमपुर खीरी से आए तस्कर पीलीभीत के फुरकान को यह खेप देने पहुंचे थे।पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही अब पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है कि नशीली दवाओं की यह खेप कहां से लाई गई और किन इलाकों में सप्लाई की जानी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है और जल्द ही इस गिरोह से जुड़े बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पूरनपुर में भी नशे के कारोबारियों की पौ बारह

**पूरनपुर।** यहां दवाइयों की दुकानों पर शाम से देर रात तक दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। बिना पर्चे से इन गोलियों की बिक्री अवैध है। अगर संबंधित महकमा छापेमारी करे तो यहां भी बड़े-बड़े माफिया पकड़े जा सकते हैं। पूर्व में शिकायतें भी की गईं लेकिन असर कुछ नहीं हुआ।

## एसडीएम-तहसीलदार पर कपड़े फाड़ने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर/पूरनपुर।** बूंदीभूड गांव में शराब की दुकान खोलने के विरोध ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। एक पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पत्र भेजकर एसडीएम और तहसीलदार सहित कई उच्च अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि मंदिर और स्कूल के निकट अवैध रूप से शराब की दुकान खोली जा रही थी।शिकायत के अनुसार, 7 मई को जब ग्रामीण विरोध करने पहुंचे, तो वहां मौजूद कलीनगर एसडीएम, तहसीलदार और आबकारी निरीक्षक ने पुलिस के साथ मिलकर लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि अधिकारियों ने महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें कीं और उनके कपड़े फाड़ दिए। महिला का दावा है कि थाने में सुनवाई न होने के बाद अब पुलिस उसे धमका रही है। पीड़िता ने एसपी से न्याय और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें दे रहीं दर्द

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जल जीवन मिशन योजना के तहत लोगों को स्वच्छ जल मिले लेकिन हकीकत यह है कि पानी तो मिला नहीं, घर से निकलना और दूभर हो गया। करोड़ों खर्च करने के बाद भी लोगों को सहूलियत नहीं मिल रही है। तो खुदी सड़कों पर गिरकर लोग लगातार चोटिल हो रहे हैं।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत लोगों को शुद्ध पेय जल मिले इसको लेकर हर ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया है। निर्माण के दौरान पाइपलाइन डालने के लिए जैसीबी से सड़कें खोदी गई थीं। पाइप लाइन तो डाल दी गई। लेकिन प्रशासनिक मशीनरी सड़कें सही करना भूल गई। अब बारिश हो जाने से इन सड़कों का बुरा हाल हो गया है। टूटी पडी सडकें लोगों को दर्द दे रहीं है। बारिश के दौरान टूटी सडको पर कीचड़ और पानी भर जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते आए दिन लोग टूटी पडी सडकों पर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणो का कहना है कि पाइपलाइन डालने के दौरान ठेकेदार ने दोबारा सडको को बनवाने की बात कहकर खोद दी थी। लेकिन इसके बाद अधिकारी और ठेकेदार टूटी सडकों की मरम्मत कराना भूल गए। लोगों को टूटी सडको से निकलने पर डर लगता है कि कहीं गिर न जाएं। कहना है कि योजना शुरू होते समय लोगों को काफी खुशी हुई थी लेकिन अब यह खुशी नाउम्मीदी में बदल चुकी है। योजना के नाम पर सिर्फ परेशानियां ही मिली हैं। गांवों में खोदी गई सड़कें खुद ही लापरवाही बयां कर रही हैं। योजना के बीच में बंद हो जाने पर अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन एक साल बाद भी बंद काम शुरू नहीं हुआ है। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के नाम पर जल निगम द्वारा सड़कें तो खोद दी गईं लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे लोग परेशान हैं।

# जीवन रेखा में लगा रक्तदान शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिविर में रक्तदान करते युवा। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** शहर के गांधी स्टेडियम रोड स्थित जीवन रेखा हॉस्पिटल में शनिवार को नेचर केयर ट्रस्ट के तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। "रक्तदान महादान" और "रक्तदान जीवन दान" के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में योगदान दिया।

शिविर में शहर के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण भाजपा के भूतपूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे, जिन्होंने शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और एक यूनिट रक्त किसी परिवार की खुशियां बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। नेचर केयर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समय-समय पर समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि जिले में किसी भी व्यक्ति की मौत रक्त के अभाव में न हो। शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सा जगत से जुड़े लोग और ट्रस्ट के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गोवंश के अवशेष मिलने मिलने से मची खलवली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पिपरिया मजरा की पुलिया के पास गोवंश के अवशेष मिलने से खलवली मच गई। सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल व गौ रक्षा दल की टीम मौके पर पहुंच गई। अवशेषों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मामला पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया मजरा की पुलिया के पास का है। शनिवार को पुलिया से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर गोवंश के अवशेष पर पडी। मामले की सूचना पर खलवली मच गई। लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के टीम के शिवम भदौरिया, गगन मिश्रा, जितिन गुप्ता, विपिन,अर्जुन सोनू व गौ रक्षा दल के सदस्य सहित कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर गौवंश पशु की हड्डियां और उनकी खाल वरामद की गई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आस पास से जानकारी की। इसके बाद राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम ने पुलिस की मदद से अवशेषों को एकत्र किया। इसके बाद अवशेषों को जमीन में दवाकर उनका अंतिम कराया। हालांकि अवशेष कई दिन पुराने के बताए जा रहे हैं। इसके बाद राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम की ओर से घुंघचाई थाने पहुंच कर मामले की तहरीर पुलिस को देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस आसपास में संदिग्ध लोगों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी।

# व्यापारियों और मीडिया ने दिखाई सक्रियता

जागरण मोर्चा कार्यालय


डीएम की मौजूदगी में व्यापारी व सूचना विभाग में पत्रकार स्वगणना फार्म भरते हुए।

**पीलीभीत।** जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान के तीसरे दिन गांधी सभागार और जिला सूचना कार्यालय में व्यापारियों एवं मीडिया कर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर पोर्टल पर अपनी सूचनाएं दर्ज कराईं।

गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेन्द्र सिंह ने की। इस दौरान व्यापारियों को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरने का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्व-गणना अभियान 21 मई 2026 तक चलेगा और सभी लोग अपने परिवार, पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों को भी पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने डेटा की शुद्धता और समयबद्धता को अभियान की प्राथमिकता बताया। वहीं जिला सूचना कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों और डिजिटल मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर स्व-गणना प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान मीडिया कर्मियों को डिजिटल प्रक्रिया, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। मुशाहिद अली ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और पत्रकारों की सहभागिता से आम नागरिकों में अभियान के प्रति विश्वास बढ़ेगा। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी इस पहल को आधुनिक भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पागल कुत्ते ने महंत पर हमला कर किया लहूलुहान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मंदिर पर बैठे महंत कर पागल कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में घायल महंत को सीएचसी लाया गया। जंहा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र गांव में शनिवार को पागल कुत्ते के हमले से हड़कंप मच गया। मंदिर पर बैठे महंत पर अचानक एक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने महंत को कई जगह बुरी तरह नोच लिया,जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने किसी तरह डंडों और पत्थरों से कुत्ते को भगाकर महंत की जान बचाई। वताया जाता है कि अचानक एक पागल कुत्ता वहां पहुंचा और उन पर टूट पड़ा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक कुत्ता महंत को कई जगह काट चुका था,महंत की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद कुत्ते को भगाया गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने घायल महंत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महंत का इलाज शुरू कर दिया है और उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। चिकित्सकों के मुताबिक फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## गांव पहुंचे विधायक को ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के गांव चतीपुर हरिपुर और तारकोठी में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान पहुंचे। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

ग्रामीणों ने विधायक को खराब सड़कों, पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति में कटौती और जलभराव जैसी समस्याओं से अवगत कराया। कई ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ समय से न मिलने की शिकायत भी की। विधायक बाबूराम पासवान ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# लाठीचार्ज पर भड़की कांग्रेस, कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


बूंदी भूड़ प्रकरण में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम बूंदी भूड़ में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध के दौरान महिलाओं पर कथित पुलिस लाठीचार्ज के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी पीलीभीत का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा और शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक नताशा गोयल एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन सिंह से मिला और मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचीं घायल महिलाओं ने आरोप लगाया कि ग्राम बूंदी भूड़ में मंदिर और विद्यालय के निकट खोली जा रही शराब की दुकान का ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे थे। महिलाओं का कहना है कि विरोध के दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उन पर लाठीचार्ज किया गया, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं। आरोप है कि कुछ महिलाओं के साथ अभद्रता भी की गई। घायल महिला शीतल ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने अपना चिकित्सीय परीक्षण खटीमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया, जहां गंभीर चोटों का उपचार किया गया। हरप्रीत पाल सिंह चब्बा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका दोषपूर्ण पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में नरेश शुक्ला, हरीश कुमार सिंह मौर्य, राजेश वर्मा सहित ग्राम बूंदी भूड़ के कई ग्रामीण और पीड़ित महिलाएं मौजूद रहीं।

## 12 मई को सजेगी 'डीएम की पाठशाला'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अनुराग श्याम रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 12 मई 2026 को प्रातः 9 बजे गांधी प्रेक्षागृह (गांधी स्टेडियम) में ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में "जिलाधिकारी की पाठशाला" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत गांधी स्टेडियम गेट पर स्थापित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्टैच्यू का अनावरण किया जाएगा। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लोगोयुक्त बेंचों की स्थापना के लिए जिलाधिकारी द्वारा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके बाद विकास भवन में "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारे" का उद्घाटन भी किया जाएगा।

# पूर्णागिरि सीमा यात्रा का हुआ भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूर्णागिरि सीमा यात्रा का शुभारंभ करते विहिप व बजरंग दल के लोग।

पीलीभीत। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित पूर्णागिरि सीमा यात्रा का शुभारंभ शनिवार को धार्मिक उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। यात्रा का आयोजन जिला अध्यक्ष अमरीश मिश्रा, जिला मंत्री प्रवीन मोहन तथा जिला संयोजक परविंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

यात्रा का शुभारंभ विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद, प्रांत मंत्री अनुज सिंह तथा संगठन मंत्री राजेश सिंह ने नारियल फोड़कर और भगवा ध्वज दिखाकर किया। इस दौरान अतिथियों का पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुज सिंह ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ रही कथित लव जिहाद, लैंड जिहाद एवं धर्मांतरण जैसी घटनाओं के प्रति समाज और प्रशासन को जागरूक करना है। साथ ही युवाओं में सनातन संस्कृति, शौर्य और धर्म रक्षा की भावना को मजबूत करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार यात्रा में लगभग 1000 मोटरसाइकिल और 20 कारों ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भगवा ध्वज और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल होकर समर्थन व्यक्त किया। मझोला में नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप द्वारा विद्या मंदिर परिसर में यात्रियों के लिए भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र जी एवं दिव्या जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वक्ताओं ने शासन-प्रशासन से सीमावर्ती क्षेत्रों में कथित घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# विद्या मंदिर में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर में श्रद्धा एवं देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय, आचार्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षक विनीत ने महाराणा प्रताप के संघर्ष, त्याग, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं शिक्षिका संजीता ने हल्दीघाटी युद्ध, चेतक की स्वामिभक्ति और महाराणा प्रताप के साहस से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और विचार प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। अंत में सभी ने राष्ट्रसेवा और महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## पूरनपुर में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**पूरनपुर।** महाराणा प्रताप जयंती पर शनिवार को पूरनपुर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर क्षत्रिय करणी सेना द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटा और जयकारों के बीच जयंती मनाई। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और विधायक बाबूराम पासवान की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय रही।



# अवैध जच्चा-बच्चा केंद्रों पर नहीं लग पा रही लगाम

## पंजीकृत 30 संचालित हो रहे 500 से अधिक, बाबू की मिलीभगत से जिले भर में अवैध अस्तपालों की आ गई है बाढ़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**देवेश मिश्रा**

**बदायू।** जिले में अवैध अस्पतालों की बाढ़ है। गली मोहल्लों में यह अस्पताल संचालित हो रहे हैं। आज के दौर में इसका सबसे बड़ा हब सहसवान कस्बा बना हुआ है।यहां गली-कूचों में बिना किसी पंजीकरण और बिना डिग्री धारक डॉक्टरों के जच्चा-बच्चा केंद्र कुकुरमुत्तों की तरह संचालित हो रहे हैं, जो सीधे तौर पर मासूम नवजातों और प्रसूताओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इन केंद्रों पर न तो कोई डिग्री धारक सर्जन है और न ही कोई विशेषज्ञ डॉक्टर। झोलाछाकों के भरोसे संचालक प्रसव जैसे संवेदनशील ऑपरेशन कराने से पीछे नहीं हट रहे हैं। कस्वे के लोगों का कहना है कि संचालक गर्भवतियों के तीमारदारोंद से मोटी रकम वसूलकर उनको भर्ती कर लेते हैं और मामला बिगड़ने के बाद हाथ खड़ कर देते हैं। चंद रुपयों के लालच में ये केंद्र मानवता को ताक पर रखकर मौत का सौदा कर रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर स्वास्थ्य विभाग की रहस्यमयी चुप्पी अब जनता के गले नहीं उतर रही है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि क्या विभाग को इन अवैध केंद्रों की जानकारी नहीं है? या फिर इन 'मौत के केंद्रों' को किसी सफेदपोश या रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है? आख़िर किसके इशारे पर सहसवान की जनता की जान जोखिम में डाली जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही लापरवाही और जच्चा-बच्चा की जान को खतरे में देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने ज़िला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) से मांग की है कि इन अवैध केंद्रों की तत्काल जांच कर इन्हें सील किया जाए। बिना डिग्री इलाज करने वाले संचालकों पर मामला दर्ज हो। लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। अगर जल्द ही इन अवैध क्लीनिकों पर ताला नहीं लटका, तो किसी भी बड़े हादसे की जिम्मेदारी सीधे तौर पर प्रशासन की होगी।

कादरचौक स्थित राधिका अस्पताल में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही से नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग की जमकर फजीहत हो गई। एमआसेआईसी को हटाया गया लेकिन जिम्मेदार पर कठोर कार्रवाई नहीं हो सकी। मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब परिजनों ने आरोप लगाया कि कादरचौक सीएचसी पर तैनात डॉ. अवधेश राठौर ही अपनी बहन को राधिका अस्पताल संचालित करा रहे हैं। इसी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला के सीने पर बैठकर डिलीवरी कराई गई थी। आरोप है कि इस दौरान नवजात की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया था। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव दिधौनी निवासी हरपाल पुत्र रामधुन अपनी पत्नी कुसुम (39) को बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए थे। महिला का यह छठा बच्चा था। आरोप है कि डिलीवरी के नाम पर स्वास्थ्यकर्मियों ने तीन हजार रुपये की मांग की गई। रुपये न देने पर उचित इलाज नहीं किया गया। जिसकी वजह से बच्चा मृत हुआ। कुछ ही देर में प्रसूता की भी हालत बिगड़ गई और उसकी भी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाल मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्मार्टम के लिए भेजा। वहीं सीएचसी के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि दिधौनी निवासी महिला डिलीवरी के लिए अस्पताल आई थी। प्रसव के दौरान मृत बच्चा पैदा हुआ। महिला में खून की कमी थी। इसलिए उसे हायर सेंटर ले जाने को कहा था लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। बाद में महिला को मृत अवस्था में दोबारा स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। परिवार के लोग हंगामा करने लगे। कहा कि प्रसव के दौरान अगर किसी तरह भी स्टाफ की लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी। अब तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी है।



अवैध रूप से संचालित अस्पताल। -जागरण मोर्चा

### सीएचसी आसफपुर के पास संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर उठे सवाल

**आसफपुर।** विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम दून्दपुर में संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेंटर पर बिना विशेषज्ञ डॉक्टर की मौजूदगी के अल्ट्रासाउंड जांच कराई जा रही है। साथ ही वहां प्रशिक्षित स्टाफ के बजाय अनट्रेंड कर्मचारियों से काम लिए जाने की भी शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार सेंटर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक रहती है। लोगों का कहना है कि अल्ट्रासाउंड जैसी संवेदनशील जांच विशेषज्ञ चिकित्सक की निगरानी में होनी चाहिए, लेकिन सेंटर पर अक्सर डॉक्टर मौजूद नहीं रहते। इससे मरीजों में संशय की स्थिति बनी हुई है। यहां कई बार कार्रवई होने के बाद भी विभाग के बाबू व एक डॉक्टर इसको संचालित कराते आ रहे हैं। इसके लिए उनको महीनेदारी दी जा रही है।

अवैध अस्पलालों की जांच कराई जा रही है। जहां भी अस्पताल संचालित मिल रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जा रही है। इस तरह से अस्पतलों का संचालन कैसे होता आ रहा है इसको लेकर हर पहलू पर जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।
-डॉ. मोहन झा, सीएमओ बदायूं

## डंपर की चपेट में आकर मेरठ के मजदूर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** एनएचएआई की देखरेख में अलग से चल रहे नाला निर्माण के दौरान बजरी पर पैर फिसलने के बाद गिरे ठेकेदार पर डंपर का पहिया चढ़ गया।हादसा शुक्रवार रात करीब दो बजे बसोमा साइट के पास हुआ। उस दौरान डंपरों से मिट्टी भराई तो पास में ही नाला निर्माण कार्य चल रहा था। पुलिस के मुताबिक- मेरठ जिले में फलाबड़ा थाना क्षेत्र के गांव महलका निवासी वंश सैनी (20) पुत्र डिप्टी सैनी का नाला निर्माण कराते समय पैर फिसल गया। वह बजरी के ढेर पर गिर पड़े। उसी दौरान पास में होकर निकले डंपर बैक हो रहा था। वंश चालक को वंश नजर नहीं आए। डंपर का पहिया उनके ऊपर चढ़ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। हेल्पर के शोर मचाने पर मजदूर भी जाग गए।ठेकेदार वंश को जिंदा बताते हुए रात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ले आए। डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही पहले से मृत घोषित कर दिया।

## प्रमोद इंटर कॉलेज में वसूली की खुलेगी पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान के प्रमोद इंटर कॉलेज में बिना रसीद दिए बच्चों से 3500 रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से जब 3500 रुपये एडमिशन के नाम पर लिए गए तो यह एक सामान्य सी प्रक्रिया थी लेकिन जब उसके बदले कोई रसीद नहीं दी गई, इससे साफ हुआ कि दाल में कुछ काला है। जब यह मामला हाईलाइट हुआ तो इसपर छात्र राजनीति ने भी तूल पकड़ी और यह मामला शिक्षाधकारियों तक भी पहुंचा है। डीआईओएस ने इस पर जांच बैठाई है। जीआईसी के प्रधानाचार्य को इसकी जांच सौंपी है।

इस अवैध फीस वसूली के विरोध में विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव ठाकुर ने प्रदर्शन कर प्रमोद इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन दिया ज्ञापन के कार्यकर्ताओं ने यह मांग की जब प्रमोद इंटर कॉलेज एक एडेड स्कूल है तो यह फीस किस लिए वसूली जा रही है इसका जवाब दो। साथ की सरकारी शुल्क नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाएं एवं मानक के विपरीत यदि अवैध वसूली की जा रही है तो इसपर तुरंत रोक लगाकर जो अतिरिक्त शुल्क छात्रों से वसूला गया है। उसको वापस कराया जाए यदि समय रहते यह काम नहीं हुआ तो इस मामले को शिक्षा निदेशक के कार्यकार्य तक ले जाने की चेतावनी दी। इस मौके पर शैलेंद्र शर्मा, अंशुल वार्ष्णेय आकाश सिद्धार्थ मोहम्मद सैफ, अभय प्रताप सिंह आदि रहे।


मामले की शिकायत करते छात्र। -जागरण मोर्चा

### छात्रों की शिकायत के बाद विभाग ने जांच की शुरू, हो सकती है कार्रवाई

वीडियो के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के लिए जीआईसी के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी गई है। जांच में कुछ पाया जाता है तो संबंधित विद्यालय पर उचित कार्रवाई की जाएगी
-लाल जी यादव डीआईओएस

## बिल्सी में आरो वाटर कूलर बने दिखावा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** अप्रैल माह समाप्त होने के बाद ही गर्मी लगातार तेवर दिखा रही है, लेकिन नगर पालिका परिषद कस्बे में लगे आरओ वाटर कूलरों को सही करने का नाम नहीं लिया है। तपती दोपहरी में राहगीरों को राहत देने वाले वाटर कूलर प्याऊ काफी लंबे समय से बंद पड़े हैं। खैरी स्टैंड, होली चौक के पास लगे वाटर कूलर खराब होने से ठंडे पानी न मिलने से पेयजल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है, जबकि यह कस्बे का मुख्य मार्ग है और कई स्थानों की बात करें तो आने वाले राहगीरों को हेड पंप का सहारा लेना पड़ रहा है। बिल्सी में काफी जगह वाटर कूलर लगे हुए थे जो कि अब कुछ जगह अपने स्थान पर मौजूद नहीं है।

## एसएसपी ने पैदल गश्त कर व्यवस्था परखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कुंवरगांव।** एसएसपी अंकिता शर्मा ने शुक्रवार देर शाम को थाने का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने नवनियुक्त आरक्षियों के साथ भोजन किया और पुलिसिंग के मानवीय पक्ष पर जोर दिया। पैदल गश्त कर बाजार की सुरक्षा व्यवस्था परखी।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने नवनियुक्त आरक्षियों से संवाद कर उन्हें समझाया कि फरियादी थाने तक बड़ी उम्मीद लेकर पहुंचता है। ऐसे में उसके साथ व्यवहार ही पुलिस की असली पहचान बनता है। उन्होंने कहा कि शालीनता और संवेदनशीलता से किया गया व्यवहार कई समस्याओं को वहीं समाप्त कर देता है। इसके बाद एसएसपी ने कस्बे में पैदल गश्त कर बाजार, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों का जायजा लिया। लोगों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था पर फीडबैक लिया और सतर्क पुलिसिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। थाने लौटने पर उन्होंने नवनियुक्त आरक्षियों और स्टाफ के साथ बैठकर भोजन किया, जिससे जवानों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान टीम भावना के साथ कार्य करने और अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया गया। एसएसपी ने कार्य के प्रति सजगता दिखाने पर फॉलवर दयाराम भारती को 500 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य को पहचान देना जरूरी है, इससे पूरे बल में सकारात्मक संदेश जाता है। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी राजेश कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## ईंटों से भरी ट्रॉली पर बैठा मजदूर सड़क पर गिरा, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बरेली-बदायूं हाईवे पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रॉली पर बैठा एक मजदूर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार थाना भमोरा क्षेत्र के ग्राम सिरोही निवासी राजवीर (26) पुत्र विष्णु दयाल मजदूरी का काम करता था। वह गांव के ही चांद खां के ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर ईंटें लेकर बदायूं जा रहा था। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक चांद खां छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली में ग्राम बिलहत स्थित भट्टे से ईंट भरकर बदायूं की ओर जा रहे थे।मालगांव फाटक पार करने के बाद बरेली-बदायूं हाईवे पर गांव इकराम नगर गोटिया के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो पिकअप ने ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रॉली पर बैठे राजवीर उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रॉली पर बैठा सानू पुत्र कडडे खां निवासी ग्राम सिरोही हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 और थाना बिनावर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और गांव की महिलाएं घटनास्थल पर पहुंच गईं।

## खितौरा में भव्य श्याम संकीर्तन का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा में गुरुवार रात श्याम बाबा के भक्तों द्वारा भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।गांव के प्राचीन देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम की शुरुआत रात करीब आठ बजे बाबा खाटू श्याम के अलौकिक श्रृंगार के साथ हुई। इसके बाद बाबा का भव्य दरबार सजाया गया, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक रूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने 56 भोग अर्पित कर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

संकीर्तन में वृन्दावन से पधरे अमन मिश्री व बबराला की भजन गायिका मिनी गौरी साक्षी, सहित कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।गद्दी सेवादार बिजेंद्र पाठक व मोनू कुमार, ने बाबा की सेवा की। बाबा की धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में सराबोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान इत्र वर्षा और फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। वहीं बाबा की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। देर रात करीब दो बजे विशाल आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।दूरदराज से आए श्याम प्रेमियों को समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक गुप्ता, बंटू शर्मा, तेजेन्द्र सोलंकी, चिराग गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, साजन सोलंकी, डॉ. अशोक यादव, पुष्पेंद्र शर्मा, रिंकू भारद्वाज, नवीन गुप्ता, सन्तोष कश्यप, राजू कश्यप, सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।



## हत्या में 3 सगे भाइयों समेत चार को 10-10 साल की कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन सगे भाई समेत चार को दोषी करार दिया है। दोषियों को दस -दस साल की कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25-25 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने का हुक्म दिया है। शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा के अनुसार वादी मिहीलाल पुत्र वेदराम निवासी ग्राम सिरसोल पट्टी सीताराम बिल्सी ने 12 नवंबर 2015 को सूचना दी। जिसमें उसने बताया कि उसके गांव के शिवकुमार उसे देखकर गाली देने लगा। मना किया तो उपरोक्त ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर पर उसकी पत्नी वहां पर आ गई। उसके साथ भी मारपीट की। इस घटना को बहुत से लोगों ने देखा और बचाया। मारपीट में भोजराम पुत्र वेदराम गंभीर रूप से घायल हो गये, पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराय। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद मुकदमा मारपीट की जगह गैर इरादतन हत्या की धारा में तरमीम हो गया। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। न्यायालय में रामकिशन पुत्र मिठाई लाल, अशोक कुमार, शिव कुमार, श्री कृष्ण पुत्रगण रामचंद्र निवासी ग्राम सिरासोल पट्टी सीताराम थाना बिल्सी पर भोजराम की गैर इरादतन हत्या करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया।अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात तीन सगे भाइयों संग चारों को दोषी मानते हुये सजा सुनाई और जुर्माना लगाया।

## युवक की ससुराल में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** संभल जिले के कादराबाद गांव में रह रहे बदायूं के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल वालों पर ऑनलाइन सट्टा में जीती 70 लाख रुपये की राशि हड़पने के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। शनिवार सुबह युवक के परिजनों को उसकी मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वे शव को अपने गांव बदायूं ले आए।


मृतक का फाइल फोटो।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के दानपुर गांव निवासी 28 वर्षीय नीरज की परवरिश उसके चाचा अनेक सिंह ने की थी। नीरज पिछले कुछ महीनों से अपनी ससुराल संभल जिले के सीमावर्ती गांव कादराबाद में रह रहा था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे उसकी मौत की सूचना उसके पैतृक गांव दानपुर पहुंची।सूचना मिलने पर चाचा अनेक सिंह और भाई प्रेम सिंह सहित अन्य परिजन नीरज की ससुराल पहुंचे। वे नीरज के शव को अपने गांव दानपुर ले आए, जहां बदायूं में उसका शव परीक्षण कराया।परिजनों ने आरोप लगाया है कि नीरज ने ऑनलाइन सट्टा में बीते दिनों 70 लाख रुपये की बड़ी रकम जीती थी। यह राशि उसने अपनी पत्नी के खाते में स्थानांतरित कर दी थी। चाचा अनेक सिंह ने बताया कि ससुराल वालों ने इसी राशि को हड़पने के इरादे से नीरज की हत्या की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल वाले दिल का दौरा पड़ने से मौत बता रहे हैं। दानपुर गांव में शव को लेकर विवाद बढ़ने पर जरीफनगर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और शव को शव परीक्षण के लिए बदायूं भेज दिया।

मृतक नीरज के चाचा अनेक सिंह ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि नीरज ऑनलाइन सट्टा खेलता था और उसने 70 लाख रुपये की बड़ी रकम जीती थी। यह जीती हुई राशि नीरज ने अपनी पत्नी के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी थी। अनेक सिंह का आरोप है कि ससुराल वालों ने इसी 70 लाख रुपये की राशि को हड़पने के लिए नीरज की हत्या की है। परिजनों ने शव को गांव लाने के दौरान ससुरालियों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है।


खड़े मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

### दानपुर गांव में बनाया था मकान व दुकान

नीरज की मौत की सूचना मिलने से लगभग बारह घंटे पहले वह अपने गांव दानपुर से ससुराल गया था। दानपुर में नीरज ने एक नया मकान और दुकान बनवाई थी, लेकिन उसमें कोई रह नहीं रहा था। बताया जाता है कि किसी ने इस नए मकान में प्रेत बाधा होने की बात कही थी, जिसके कारण उसमें रहना अशुभ माना जा रहा था। शुक्रवार को इस प्रेत बाधा को दूर करने के लिए नीरज के नए मकान में हवन-पूजन का किया था। हवन-पूजन के बाद शुक्रवार शाम करीब पांच बजे नीरज अपनी ससुराल कादराबाद लौट गया था।

### जरीफनगर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जरीफनगर थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में नीरज की मौत की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतक की पोस्टर्माटम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## केडीएच पब्लिक स्कूल में मदर्स डे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** क्षेत्र केडीएच पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुड़िया चेयरपर्सन अनुपम पाठक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के मैनेजर महेश चंद्र गुप्ता एवं प्रधानाचार्या पूजा शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने "तू इतनी दूर क्यों है मां", "प्यारी मां" एवं "मैं कोई ऐसा गीत गाऊं" जैसे गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी माताओं को भावविभोर कर दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में माताओं के लिए कैट वॉक, बलून गेम और हाउजी जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक उपहार जीते। प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने 'माँ' शब्द के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं।मुख्य अतिथि अनुपम पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि मां परिवार की सबसे मजबूत आधारशिला होती है और बच्चों के संस्कारों में उनकी अहम भूमिका रहती है। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से पुष्पेंद्र एवं शिल्पी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर महेश चंद्र गुप्ता ने भी सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं।



## आरसीबी के खिलाफ सूर्यकुमार यादव की एंट्री पक्की



**जयपुर।** मुम्बई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वे रविवार को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार, जिन्होंने चार मई को पिछले गेम में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व किया था, ने टीम प्रबंधन को बताया वह आरसीबी मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनके जल्द ही रायपुर पहुंचने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि सूर्यकुमार यादव की पत्नी ने हाल ही में एक बच्ची को जन्म दिया है, इसलिए उनके खेलने को लेकर थोड़ी अनिश्चितता थी कि परिवार में नये मेहमान आने के बाद क्या वह समय पर रायपुर पहुंच पाएंगे। टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव रविवार को फिर से टीम की कप्तानी करेंगे या नहीं, यह नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की रिकवरी पर निर्भर करेगा, जो पीठ में ऐंठन के कारण 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ गेम में नहीं खेल पाए थे।

अब सब कुछ एमआई में स्पोर्ट्स मेडिसिन के हेड बेन लैंगली और फिजियो नितिन पटेल पर निर्भर करता है। पता चला है कि पांड्या का शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट हुआ था और शनिवार को फिर से उनकी जांच की जाएगी। बेशक, उन्होंने रायपुर में टीम के साथ अभ्यास नहीं किया, लेकिन उम्मीद है कि वे शाम को अभ्यास करेंगे।

# गिल और सुदर्शन के अर्धशतक, गुजरात ने राजस्थान को दिया 230 रनों का लक्ष्य



**जयपुर।** कप्तान शुभमन गिल (84) और साई सुदर्शन (55) शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 52वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट पर 229 रनों का स्कोर खड़ा किया। आज यहां राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी ने आतिशी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

11वें ओवर में यश पुंजा ने साई सुदर्शन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 55 रन बनाये। इसके बाद 14वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने जॉस बटलर (13) को अपना शिकार बना लिया। 17वें ओवर में बृजेश शर्मा ने शुभमन गिल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शुभमन गिल ने 44 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 84 रनों की पारी खेली।

इस दौरान गिल ने पहले अपनी टीम को शतकीय साझेदारी की शुरुआत दी और फिर अर्धशतक लगाकर एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शुभमन गिल ने 30 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल 2026 में उनका चौथा अर्धशतक था और इसके साथ ही उन्होंने इस सीजन 400 रन पूरे कर लिए। यह सातवीं बार है जब शुभमन गिल ने 400 से अधिक रन बनाए हैं।

साल 2020 से गिल लगातार 400 से अधिक का स्कोर कर रहे हैं। इस मामले में उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 19वें ओवर में बृजेश शर्मा ने जेसन होल्डर (सात) को आउट कर मैच में अपना दूसरा विकेट लिया। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 229 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 37 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया ने चार गेंदों में दो छक्कों की मदद से नाबाद 14 रन बनाये। राजस्थान रॉयल्स के लिए बृजेश शर्मा ने दो विकेट लिये। यश पुजा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फुटबॉल विश्व कप में परफॉर्म करेंगी नोरा फतेही




**टोरंटो।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13:30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा; यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फ़ुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा।

अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रयेज़, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिंस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे। टूर्नामेंट की ऊर्जा और विविधता को दर्शाने वाले संगीत के माध्यम से, यह शो टोरंटो के प्रशंसकों को कनाडा, मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रहे उत्सवों से जोड़ेगा।

बलीच वंडर स्टूडियो के साथ रचनात्मक साझेदारी में निर्मित, टोरंटो स्टेडियम में होने वाली यह सेरेमनी कनाडा, मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाली टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है; ये सभी एक ही धड़कन से जुड़ी हैं, साथ ही अपने मेजबान देश की पहचान को भी दर्शाती हैं। कनाडा में, यह कहानी फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी के एक मोज़ेक के रूप में नए रूप के माध्यम से जीवंत होती है, जो उन लोगों, संस्कृतियों और समुदायों का प्रतीक है जो इस देश को परिभाषित करते हैं।

फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने कहा, "टोरंटो में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी कनाडा की पहचान और फीफा वर्ल्ड कप 2026 से जुड़ी ऊर्जा का एक सशक्त प्रतिबिंब होगी।" "संगीत, संस्कृति और अविस्मरणीय प्रदर्शनों के माध्यम से, हम दुनिया का स्वागत एक ऐसे उत्सव के साथ करेंगे जो विशिष्ट रूप से कनाडाई है, और साथ ही मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रही एक बड़ी कहानी से भी जुड़ा हुआ है। यह गर्व, एकता और उत्साह का एक क्षण होगा, जब कनाडा फ़ुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह बनाएगा।"

समारोह की शुरुआत कनाडा भर की एक यात्रा के साथ होती है, जिसमें उलटी गिनती उन पलों के ज़रिए आगे बढ़ती है जो देश को एक छोर से दूसरे छोर तक दर्शाते हैं। लोगों और उनके साझा उत्साह से भरा एक स्वागत का माहौल बनता है, जो दुनिया को इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों की इस शो में सक्रिय भूमिका होगी और उन्हें जल्दी पहुँचने की योजना बनानी चाहिए, क्योंकि हर उद्घाटन समारोह किक-ऑफ से 90 मिनट पहले शुरू होगा।

मैच शुरू होने से चार घंटे पहले गेट खुल जाएँगे, जहाँ विशेष गतिविधियों, पुरस्कारों और मैच से पहले के मनोरंजन सहित अनुभवों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध होगी। विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में कनाडा का मुकाबला बोस्निया और हर्ज़ेगोविना से होगा। यह कनाडाई पुरुष राष्ट्रीय टीम द्वारा अपनी धरती पर खेला जाने वाला पहला विश्व कप मैच होगा और कनाडा में फ़ुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा।

## 18 साल से आईपीएल ट्रॉफी नहीं, दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर का छलका दर्द



**दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव ने 18 साल से आईपीएल खिताब न जीत पाने पर दुख जताते हुए इस सीजन की नाकामी का कारण हर विभाग में निरंतरता की कमी को बताया है। उन्होंने कहा कि निर्णायक क्षणों में टीम के लगातार विफल होने और प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म में न होने से प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं।

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव ने स्वीकार किया कि अठारह साल में आईपीएल खिताब नहीं जीत पाने का दुख है और उन्होंने इस सत्र की नाकामी के लिये हर विभाग में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव को दोषी ठहराया। इस सत्र में सातवीं हार के बाद दिल्ली की प्लेआफ की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई। दिल्ली और पंजाब किंग्स शुरूआत से खेल रही दो टीमें हैं जो अभी तक आईपीएल नहीं जीत सकी हैं।

दिल्ली 2020 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट से हराया था। राव ने कहा ,'' अठारह साल से खिताब नहीं जीत पाने का दुख है। जब मैं अपने खेलने के दिनों को देखता हूं तो मैं हमेशा जीतना चाहता था। अब प्रशासन और कोचिंग में हूं तो काफी कुछ सीख रहा हूं।'' उन्होंने कहा ,'' मैं किसी एक विभाग के बारे में नहीं बोल सकता।

अलग अलग मैचों में अलग अलग विभागों में हम नाकाम रहे। पंजाब के खिलाफ अच्छे रन बनाये लेकिन कैच छोड़े। कुछ मैचों में गेंदबाजों ने अच्छा किया तो बल्लेबाज नाकाम रहे।'' राव ने यह भी कहा ,'' मैच जीतने के लिये निर्णायक क्षणों में अच्छा प्रदर्शन करना होता है जो हम लगातार नहीं कर पाये। यही वजह है कि अभी अंक तालिका में नीचे हैं।''

कप्तान अक्षर पटेल और स्पिनर कुलदीप यादव के खराब फॉर्म ने दिल्ली की मुश्किलें बढाई। राव ने कहा ,'' कुलदीप और अक्षर अच्छे फॉर्म में होते हैं तो गेंदबाजी मजबूत होती है। एक अच्छा खेलता है और दूसरा नहीं तो बीच के ओवरों में गेंदबाजी कमजोर होती है। हम अभी इसी से जूझ रहे हैं।

## एसबीआईः मुनाफा 6 फीसदी बढ़ा, फिर भी 7% टूटा शेयर, बाजार की उम्मीदें धराशायी

**दिल्ली।** एसबीआई का मुनाफा बढ़ने के बावजूद बाजार की उम्मीदों से कम रहने के कारण शेयर 7 फीसदी तक गिर गया, जिससे पूरा बैंकिंग सेक्टर दबाव में आ गया। अगले सप्ताह महंगाई दर और वैश्विक तनाव बाजार की चाल तय करेंगे।

शेयर बाजार में शुक्रवार को सबसे बड़ा झटका देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने दिया। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़ाया, लाभांश भी घोषित किया, लेकिन शुक्रवार को शेयर करीब 7 फीसदी तक टूट गया। वजह साफ थी। नतीजे अच्छे थे, लेकिन बाजार की उम्मीद से कमजोर थे।

मार्च तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 5.6 फीसदी बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि बाजार को 20,300 करोड़ से ज्यादा के लाभ की उम्मीद थी। बैंक ने 17.35 रुपये प्रति शेयर लाभांश भी घोषित किया। शुद्ध ब्याज आय चार फीसदी बढ़कर 44,380 करोड़ रही।




## साहिल जाधव ने शंघाई विश्व कप में जीता कांस्य पदक, कंपाउंड स्पर्धा में भारत का खाता खुला



**शंघाई।** विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया। भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे।

भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी। जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी।

लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की। जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रूवेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

## विनेश फोगाट को डब्ल्यूएफआई का कारण बताओ नोटिस



**मुंबई।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी के लिये छह महीने का अनिवार्य नोटिस नहीं देने के कारण 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में उनके भाग लेने पर रोक लगा दी ।

पंद्रह पन्ने के नोटिस में डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया कि विनेश के आचरण से देश को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है, भारतीय कुश्ती की छवि खराब हुई है, डब्ल्यूएफआई संविधान के प्रावधानों, यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों और डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ है ।

महासंघ ने साफ तौर पर कहा है कि वह इस साल 26 जून तक किसी घरेलू टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट शामिल है । नोटिस में कहा गया ,'' महासंघ को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि आपने डोपिंग रोधी नियमों का कोई ऐसा उल्लंघन नहीं किया है, जिसके कारण आप भविष्य में होने वाली किसी भी प्रतियोगिता में महासंघ का प्रतिनिधित्व करने के अयोग्य हो जायें ।''




## न्यूजीलैंड से मिलकर यूपी बढ़ाएगा शहद का कारोबार, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जुड़ेगा मधुमक्खी पालन क्षेत्र



**लखनऊ।** प्रदेश में शहद उत्पादन और मधुमक्खी पालन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयास तेज हो चुके हैं। शुक्रवार को न्यूजीलैंड के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से भेंट कर कृषि एवं शहद उत्पादन क्षेत्र में सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की।

न्यूजीलैंड का यह प्रतिनिधिमंडल, एपीडा और न्यूजीलैंड के सहयोग से संचालित 'हनी एक्शन प्लान' के तहत प्रदेश भ्रमण पर आया है। प्रतिनिधिमंडल ने रायबरेली के शिवगढ़ स्थित निर्माणाधीन 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी' तथा बाराबंकी में शहद निर्यातक निर्मित सिंह 'मधुमक्खीवाला' की इकाई का दौरा कर प्रदेश में शहद उत्पादन और प्रसंस्करण की संभावनाओं का जायजा लिया।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शहद उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नई तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शहद उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक के बाद उद्यान मंत्री ने निर्देश दिए कि रायबरेली में निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर उसे जल्द संचालित किया जाए।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।